दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
# बढ़ता राजस्थान
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 88 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। शुक्रवार, 30 जनवरी 2026 । माघ माह, शुक्ल पक्ष द्वादशी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




# फाईनेंसियल ईयर 27 में 7.2% जीडीपी का अनुमान
# एआई पर फोकस, सोने-चांदी का भी जिक्र

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बजट से पहले 29 जनवरी 2026 को संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश कर दिया गया है, जिसमें जीडीपी ग्रोथ का अनुमान, महंगाई समेत एक साल के दौरान भारत का आर्थिक लेखा-जोखा दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट सत्र के दौरान लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 पेश किया है।वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ का अपर रेंज अनुमान 7.2% और लोअर रेंज अनुमान 6.8% लगाया गया है। जीडीपी में तेजी के पीछे मजबूत घरेलू डिमांड को बड़ा कारक माना गया है। वहीं आर्थिक सर्वे में एआई को लेकर पहली बार अलग से चैप्टर है, यानी नई टेक्नोलॉजी पर आने वाले दिनों में सरकार को पूरा फोकस रहने वाला ह। भारत के आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू मांग से प्रेरित वित्त वर्ष 2026 के पहले अनुमान में 7.4% की मजबूत ग्रोथ की डिटेल दी गई है।

यह बुनियादी ढांचे के विस्तार, राजकोषीय विवेकशीलता और लचीलेपन के लिए सुधारों पर जोर देता है। वैश्विक अनिश्चितता को देखते हुए आर्थिक सर्वेक्षण में बड़े पैमाने पर इसका जिक्र किया गया है, ताकि भारतीय अर्थव्यवस्था पर ग्लोबल प्रभावों को कम किया जा सके।



### क्या होता है इकोनॉमिक सर्वे

आर्थिक सर्वेक्षण एक सरकारी दस्तावेज होता है, जिसे बजट से पहले पेश किया जाता है। इकोनॉमिक सर्वे में देश की आर्थिक स्थिति, चुनौतियों और आगे की दिशा के बारे में विस्तार से मूल्यांकन किया गया होता है। इसमें देश के विकास, महंगाई के अनुमान और बेरोजगारी, व्यापार और फाइनेंशियल हेल्थ के बारे में भी जानकारी दी गई होती है. इस रिपोर्ट को केंद्रीय वित्त मंत्रालय की टीम तैयार करती है।

### इकोनॉमिक सर्वे में क्या-क्या खास

- इस बार आर्थिक सर्वेक्षण में कुल 16 चैप्टर रखा गया है.
- एआई के लिए इसमें एक अलग चैप्टर रखा गया है.
- वित्त वर्ष 2027 के लिए जीडीपी ग्रोथ का अपर रेंज अनुमान 7 .2 फीसदी और लोअर रेंज अनुमान 6 .8 फीसदी
- आर्थिक सर्वेक्षण में सोने-चांदी को लेकर खास जिक्र
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार का आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया.
- फाईनेंसियल ईयर 26 के लिए भारत की विकास दर 7% से अधिक है, क्षमता बढ़कर 7% हो गई है. अमेरिकी टैरिफ के बावजूद मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है.
- राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4 .8% पर पूरा हुआ.
- सीएडी पर निर्भरता के कारण रुपये का मूल्य कम हुआ है. मुद्रा स्थिरता के लिए विनिर्माण निर्यात आवश्यक है.
- जीएसटी सुधारों का अगला चरण ई-वे बिल प्रणाली पर केंद्रित हो सकता है
- विकास के आसपास जोखिमों का संतुलन मोटे तौर पर समान है
- अमेरिकी टैरिफ के बीच रुपये का कम मूल्य होना दुख की बात नहीं है
- महंगाई आकलन पर प्रभाव डालने के लिए सीपीआई आधार वर्ष में संशोधन
- रुपये का मूल्यांकन भारत की अर्थव्यवस्था के बुनियादी सिद्धांतों को सटीक रूप से नहीं दिखा रहा है
- मांग लचीली, निजी निवेश के इरादे में सुधार
- वैश्विक जोखिम प्रबंधन,बफ़र्स, नीति विश्वसनीयता अवश्य रखनी चाहिए
- इसी साल अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पूरी होने की उम्मीद है
- ट्रैक पर फिस्क, बजटीय ग्लाइड का जिक्र किया गया है
- वैश्विक स्थिति भारत के लिए तत्काल मैक्रोइकॉनॉमिक तनाव पैदा नहीं करती है
- वैश्विक परिस्थितियां भारत के लिए बाहरी अनिश्चितताओं में बदल जाती हैं
- आंकड़ों से पता चलता है कि हाल के सुधारों के दौर में अर्थव्यवस्था की गति मजबूत हो रही है
- विदेशी निवेशकों के भारतीय बाजार से निकासी को लेकर भी चिंता जताई गई है

## आर्थिक सर्वेक्षण में झलकी भारत की रिफॉर्म यात्रा, पीएम मोदी ने की सराहना



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2026 पेश किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे भारत के रिफॉर्म की गति और चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की निरंतर प्रगति की व्यापक तस्वीर बताया।

**सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की प्रतिक्रिया**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की पोस्ट को साझा करते हुए कहा कि आज प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण भारत के रिफॉर्म की गति का एक व्यापक चित्र प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि यह सर्वेक्षण चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिवेश के बावजूद भारत की निरंतर प्रगति को दर्शाता है।

**मजबूत आर्थिक आधार और विकास की दिशा**-नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण मजबूत व्यापक आर्थिक आधारभूत सिद्धांतों, निरंतर विकास गति और राष्ट्र निर्माण में नवाचार, उद्यमिता और अवसंरचना की बढ़ती भूमिका को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यह दस्तावेज समावेशी विकास के महत्व पर विशेष बल देता है।

**किसानों, एमएसएमई और युवाओं पर फोकस**-प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सर्वेक्षण में किसानों, लघु एवं मध्यम उद्यमों, युवा रोजगार और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके साथ ही यह विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करने, उत्पादकता बढ़ाने और विकसित भारत बनने की दिशा में प्रगति को गति देने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप भी प्रस्तुत करता है।

## आर्थिक सर्वेक्षण भारत की आर्थिक मजबूती का आईना : अमित शाह



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में आर्थिक सर्वेक्षण 2026 पेश किया। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत और स्थिरता का प्रमाण है।

**अमित शाह ने गिनाई उपलब्धियां**-केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर वैश्विक आंकड़ों का हवाला देते हुए लिखा कि आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि भारत तमाम चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है।

**महामारी और वैश्विक अस्थिरता से सफलतापूर्वक निकला भारत**-अमित शाह ने कहा कि जब पूरी दुनिया महामारी के बाद आर्थिक अस्थिरता की ओर बढ़ रही थी, उस दौर में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामूहिक प्रयासों से इन दोनों बड़ी चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया।

## एसआईआर के खिलाफ सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

### याचिकाकर्ता बोले- ईसीआई मनमानी नहीं कर सकता, चुनाव अधिकारी अदालत नहीं जो नागरिकता तय करेंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है। उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए। उधर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फॉर्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है। चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए।

**कोर्ट :** हम भारत के चुनाव आयोग से उम्मीद करते हैं कि वह उन सभी राज्यों में इन प्रक्रियात्मक निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेगा जहां एसआईआर प्रक्रिया चल रही है। कोर्ट अब विभिन्न राज्यों में एसआईआर को दी गई चुनौती पर सुनवाई कर रहा है।

**एडवोकेट प्रशांत भूषण:** इससे महिला वोटरों की संख्या में काफी कमी आई है क्योंकि ईसीआई शुरू से वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा पहले के एसआईआर में भी कभी नहीं किया गया।

**भूषण:** जब आप वोटर पर फॉर्म भरने का बोझ डालते हैं, तो जो लोग कमजोर हैं और हमारे भारतीय समाज में महिलाएं कमजोर हैं, इसलिए उनमें से कई लोग फॉर्म नहीं भर पाते हैं। प्रवासी मजदूर जो कुछ समय के लिए काम के लिए पलायन करते हैं और वापस आ जाते हैं, वे लोग भी फॉर्म नहीं भर पाते हैं।

**भूषण:** यूपी के एक निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर, जहां उन्होंने नई लिस्ट बनाने के विस्तृत कारण दर्ज किए, ऐसा इस देश के इतिहास में कभी नहीं किया गया।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट की रोक
## केंद्र को नया ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश; देशभर में नियमों का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन के नए नियमों पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या की बेंच ने कहा कि इसके प्रावधान स्पष्ट नहीं हैं और इनका गलत इस्तेमाल हो सकता है। कोर्ट ने यह टिप्पणी मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान की याचिकाओं पर की, जिनमें आरोप लगाया गया है कि नए नियम जनरल कैटेगरी के छात्रों के साथ भेदभाव करते हैं। यूजीसी ने 13 जनवरी को अपने नए नियमों को नोटिफाई किया था। इनका देशभर में विरोध हो रहा है।

अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूजीसी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही नियमों का ड्राफ्ट फिर से तैयार करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई अब 19 मार्च को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फिलहाल 2012 के यूजीसी नियम देशभर में लागू रहेंगे।



### सुप्रीम कोर्ट के 4 अहम कमेंट्स-

**कोर्ट** ने पूछा कि जब 'भेदभाव' की परिभाषा पहले से सभी तरह के भेदभाव को कवर करती है, तो 'जाति-आधारित भेदभाव' को अलग से परिभाषित करने की जरूरत क्यों पड़ी?

**कोर्ट** ने यह भी सवाल उठाया कि रेगुलेशंस में रैगिंग को क्यों शामिल नहीं किया गया, जबकि यह कैंपस में एक बड़ी समस्या है।

**सीजेआई** ने कहा- अनुसूचित जातियों में भी कई लोग अब आर्थिक रूप से समृद्ध हो चुके हैं। हमने अब तक जो जातिविहीन समाज की दिशा में प्रगति की है, क्या हम अब फिर से पीछे जा रहे हैं?

**सीजेआई** ने अलग-अलग जातियों के लिए अलग हॉस्टल बनाने के प्रस्ताव पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा- भगवान के लिए ऐसा मत कीजिए। हम सब साथ रहते थे, आज इंटर-कास्ट मैरिज भी होती हैं। भारत की एकता शैक्षणिक संस्थानों में भी दिखनी चाहिए।

### पहले इस पूरे मामले को समझें

यूजीसी के नए कानून का नाम है- प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन्स, 2026। इसके तहत कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में सुप्रीम कोर्ट, एसटी और ओबीसी छात्रों के खिलाफ जातीय भेदभाव रोकने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। नए नियमों के तहत, कॉलेजों और यूनिवर्सिटी में विशेष समितियां, हेल्पलाइन और मॉनिटरिंग टीमें बनाने का निर्देश दिया गया। ये टीमें स्ष्ट, एसटी और ओबीसी छात्रों की शिकायतों को देखेंगी। सरकार का कहना है कि ये बदलाव उच्च शिक्षा संस्थानों में निष्पक्षता और जवाबदेही लाने के लिए किए गए हैं। हालांकि, सवर्ण जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि यूजीसी ने जाति आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा अपनाई है और इससे कॉलेजों में अराजकता पैदा होगी। सवर्ण जाति के स्टूडेंट्स का आरोप है कि नए नियमों में सवर्ण छात्र 'स्वाभाविक अपराधी' बना दिए गए हैं। इनसे उनके खिलाफ भेदभाव को बढ़ावा मिलेगा।

## यूजीसी कानून के खिलाफ जयपुर में विरोध तेज

### करणी सेना ने मशाल यात्रा निकाली, सवर्ण समाज की बैठक, विधानसभा घेराव कर सकते

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में केंद्र सरकार की ओर से लाए गए यूजीसी कानून को लेकर विरोध तेज होता जा रहा है। करणी सेना के नेतृत्व में बुधवार शाम को वीर दुर्गा दास सर्किल से खातीपुरा तक मशाल जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा हाथों में मशाल लेकर सड़कों पर उतरे।

प्रदर्शन के दौरान यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग करते हुए नारेबाजी की गई और कानून की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया गया।

जुलूस में शामिल युवाओं ने इस कानून को शिक्षा व्यवस्था और बच्चों के भविष्य के खिलाफ बताया।

# अजित पवार का अंतिम संस्कार, पत्नी ने गंगाजल चढ़ाया, बेटों ने मुखाग्नि दी

बढ़ता राजस्थान

**बारामती/मुंबई/नई दिल्ली।** बारामती के काटेवाड़ी स्थित विद्या प्रतिष्ठान मैदान में गुरुवार को महाराष्ट्र के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार का अंतिम संस्कार हो गया। उनके दोनों बेटों पार्थ और जय पवार ने मुखाग्नि दी।

पत्नी सुनेत्रा पवार ने पति के पार्थिव शरीर पर गंगाजल चढ़ाकर अंतिम विदाई दी। इस मौके पर चाचा शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले, गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र के अलावा दूसरे राज्यों से भी लोग पहुंचे। बारामती में देर रात से लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह के वक्त कई इलाकों में जाम की स्थिति बन गई। समर्थक बाइक, ट्रैक्टर-ट्रॉली और बस से पहुंचे। अंतिम यात्रा में एक से दो किमी तक तक लोग ही लोग नजर आ रहे थे। पवार का चार्टर्ड प्लेन बुधवार सुबह बारामती एयरपोर्ट के पास सुबह 8.45 बजे क्रैश हुआ था। वे 66 साल के थे। बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान प्लेन क्रैश हुआ था। हादसे में पवार के सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला क्रू समेत 5 लोगों की मौत हुई। पवार 5 फरवरी को पुणे में होने वाले जिला परिषद चुनावों के लिए 4 रैलियों को संबोधित करने वाले थे। पवार के निधन पर महाराष्ट्र में 3 दिन का राजकीय शोक रखा गया है।





## आयकर विभाग द्वारा रजिस्टर्ड नॉन प्रोफिट ओर्गेनाईजेशन अन्डर इनकम टेक्स एक्ट-2025 विषय पर आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** आयकर विभाग द्वारा रजिस्टर्ड नॉन प्रोफिट ओर्गेनाईजेशन अन्डर इनकम टेक्स एक्ट–2025 विषय पर आउटरीच कार्यक्रम मेवाड़ यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्थानों के ट्रस्टी, प्रोफेसर, प्रबंधन एवं विधि संकाय के छात्र सहित 100 से अधिक हितधारकों ने भाग लिया।

मनोज कुमार महर, प्रधान आयकर आयुक्त (छूट), जयपुर एवं मनोज कुमार, अपर आयकर आयुक्त (छूट), जयपुर के निर्देशन में हेमपाल चैधरी, आयकर अधिकारी (छूट), उदयपुर एवं अजय कुमार, आयकर निरीक्षक ने कार्यक्रम को संबोधित किया और प्रक्रियात्मक पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम में आयकर अधिनियम, 2025 में आयकर में नॉन प्रोफिट ओर्गनाईजेशन को मिलने वाली छूट व नए अधिनियम में वर्णित धाराओं व उप– धाराओं में होने वाले बदलाव व आयकर अधिनियम,2025 जो 01 अप्रेल, 2026 से लागू होने जा रहा है, के सरलीकरण पर एक व्यापक प्रस्तुति दी गई, जिसके बाद सदन में हितधारकों व छात्रों के साथ विस्तृत चर्चा की गई एवं साथ ही प्रतिभागियों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का उत्तर दिया और आयकर अधिनियम के प्रावधानों और संबंधित दिशानिर्देशों पर स्पष्टता प्रदान की। इस कार्यक्रम में कॉलेज प्रशासन द्वारा विभाग को इस तरह के कार्यक्रम करने के लिए विशेष धन्यवाद दिया गया, साथ ही विभाग के काम– काज व प्रक्रिया को बहुत ही सरल तरीके से आमजन तक पहुचाने के लिए विशिष्ट सराहना की गई। इस तरह की पहल करदाताओं के बीच पारदर्शिता बढ़ाने और अनुपालन को सुगम बनाने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## वात्सल्य फाउण्डेशन ने राजकीय विद्यालय के बच्चों को 75 कंबलें की भेंट




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** वात्सल्य फाउण्डेशन ने आज निकटवर्ती गांव रायता स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के ठंड से ठिठुरते 75 बच्चों को कंबले भेंट की। फाउण्डेशन के अध्यक्ष अजय जैन ने बताया कि फाउण्डेशन के प्रणेता मुनि आर्ष कीर्ति महाराज की प्रेरणा से उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंबले पा कर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर जैन ने बताया कि फाउण्डेशन मुख्य रूप से शिक्षा,निध्र्नन छात्रों को पढ़ाना,गौशाला में दान–पुण्य,कमजोर वर्ग को आर्थिक सहायता देना,मुनियों के आहार–विहार की व्यवस्था करना तथा स्वास्थ्य कार्य में सेवायें प्रदान करना है। इस अवसर पर सचिव मनीष वगेरिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जिओ बीपी पंप पर ग्राहकों के लिए डिस्काउंट ऑफर का शुभारंभ




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जिले की सीमा से लगते हुए शिशोद गांव नेशनल हाईवे 48 हाईवे पर स्थित रिलायंस जियो बीपी पंप पर आने वाले सभी ग्राहकों को सुबह 10 से 5 बजे तक पेट्रोल मार्किट से 2 रुपया छूट पर मिलेगा। प्रबंधक उज्जवल जैन ने बताया कि कंपनी द्वारा समय समय पर इस प्रकार की स्कीम ग्राहकों को लाभ देने के लिए लायी जाती है उसी कड़ी में अभी भी कंपनी यह स्कीम दिनांक 28 जनवरी से 30 मार्च तक हैप्पी ऑवर्स के नाम से लायी है।

## रैन बसेरों में पेयजल की किल्लत, टंकी से पी रहे पानी

### निरीक्षण में सामने आई अव्यवस्थाएं



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शहर में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेने पर पेयजल किल्लत की समस्या सामने आई। रैन बसरों में ठहरने वाले लोग टंकी से पानी पीने को विवश है। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। प्राधिकरण सचिव सावित्री आनंद निर्भीक ने शहर में पुराना बस स्टैंड व पुराना कांजी हाउस में चल रहे रैन बसरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी सुविधाएं उपलब्ध मिली। सफाई व स्वच्छता की भी समुचित व्यवस्था दिखी। शौचालय, स्नानागार, स्वच्छता, बिस्तर, वेंटीलेशन आदि के समुचित प्रबंध नजर आए। वहीं, पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं मिली। कैम्पर नहीं आने से लोगों को पास में बनी टंकी से पानी पीना पड़ रहा है। प्राधिकरण सचिव ने इस सम्बंध में दिशा–निर्देश दिए। कहा कि रैन बसेरा समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा है तथा इसे मानवीय गरिमा के अनुरूप संचालित किया जाना अनिवार्य है। समय–समय पर निरीक्षण करने से कमियां नजर आती है एवं त्वरित सुधार एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पशु आवाजाही से फोरलेन पर बढ़ रहे हादसे, रोकथाम के निर्देश

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** फोरलेन पर पशुओं की आवाजाही से हादसे बढ़ रहे हैं, जिनकी रोकथाम को लेकर जिला कलक्टर अल्पा चौधरी ने एनएचएआई अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे गुरुवार को आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं।

उन्होंने एनएचएआई की सड़कों पर बेसहरा गोवंश के आवागमन पर रोकथाम की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि

इससे हाईवे पर हादसे बढ़ रहे हैं। इनका आवागमन रोकने से हादसों में भी कमी लाई जा सकेगी। वहीं, उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार सड़क किनारे के अतिक्रमण तत्काल प्रभाव से हटाए जाने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में अन्य विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई।

### परिवहन विभाग की झांकी को सराहा

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने परिवहन विभाग की ओर से किए जा रहे प्रचार–प्रसार कार्यों की सराहना की। जिला परिवहन अधिकारी अक्षमिता राठौड़ कहा कि गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिलास्तरीय समारोह में विभाग की ओर से राहवीर योजना के प्रचार को लेकर झांकी प्रदर्शित की गई, जो बेहतरीन रही। इससे लोगों में इस योजना के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी अक्षमिता राठौड़ को इस तरह के कार्यक्रम लगातार किए जाने एवं जागरूकता बढ़ाने की बात कही।

### हाईवे के अवैध कट्स पर कार्रवाई के निर्देश

हाईवे के अवैध कट व ब्लैक स्पॉट को लेकर भी निर्देश दिए



गए। कमेटी की ओर से प्रस्तुत संयुक्त मौका निरीक्षण रिपोर्ट पर चर्चा की गई। एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों पर अनधिकृत कटों का सर्वे कर नोटिस जारी करें। जिले में ब्लैक स्पॉट सर्वोत्तम होटल से हनुमान टेकरी खड़ात तक, चन्द्रावती पुल से अमरनाथ महादेव मंदिर रोड तक–रीको आबूरोड सर्विस रोड, सरूपगंज में श्रीराम होटल कट से एचआर पेट्रोल पम्प तक, सिरोही में आम्बेश्वरजी कट से मेडिकल कॉलेज, अजारी से जनापुर चौराहा–पिण्डवाड़ा, सारणेश्वरजी महादेव मंदिर कट पर सुधारीकरण, शिवगंज कस्बे में जाने वाली सड़क के सुधारीकरण, बाहरीघाटा जंक्शन के सुधारीकरण, एनएच–27 पर सन रिसोर्ट के सामने वाले कट के सन्दर्भ में कमेटी ने संयुक्त मौका निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## पुलिस देख डोडा-पोस्त भरी कार छोड़ भागा तस्कर

### पुलिस ने दो वाहन व दो तस्करों को दबोचा

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** रोहिड़ा थाना क्षेत्र में डोडा–पोस्त तस्करी मामले पर धरपकड़ करते हुए पुलिस ने दो जनों को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो वाहन भी जब्त कर लिए। एक आरोपी फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार नाकाबंदी के दौरान तस्करों की एस्कोर्ट कर रही एक कार नम्बर जीजे 02 सीए 7056 को रूकवाया गगया। इसके पीछे अन्य एक कार आ रही थी, जिसमें डोडा–पोस्त भरा हुआ था। पुलिस को देखकर पीछे आ रही कार कार नम्बर एमएच 12 एमएफ 8631 का चालक श्रवणकुमार वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने एस्कॉर्ट वाहन के चालक गुंदाऊ (करड़ा–जालोर) निवासी दादुराम पुत्र दमाराम जाट व पीछे आई कार में सवार भाटीप (करड़ा–जालोर) निवासी सोहनलाल पुत्र हीरालाल जाट को गिरफ्तार कर लिया। कार से दो कट्टों में भरा 40 किलो 580 ग्राम डोडा–पोस्त जब्त किया गया।

## गोल्ड मेडलिस्ट निशु हुड्डा का राजस्थान जाट महासभा ने किया सम्मान, गांव में खुशी की लहर

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ ( डी एल सारस्वत )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत पीलीबंगा की होनहार खिलाड़ी और गोल्ड मेडलिस्ट निशु हुड्डा की हालिया ऐतिहासिक जीत पर राजस्थान जाट महासभा (युवा प्रकोष्ठ) द्वारा विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। गांव के मां सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 14 वर्षीय टीम के कप्तान निशु हुड्डा और उनकी टीम एवं 17 वर्षीय टीम के खिलाड़ी मनीता गोस्वामी, अक्षरा सहू , भव्या भांभू टीम कप्तान, खिलाड़ियों का शानदार सफलता पर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजस्थान जाट महासभा युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिव भादु, तहसील अध्यक्ष जगदीश गोदारा, जिला उपाध्यक्ष संदीप जाखड़ और कोच प्रभु भांभू ने निशु हुड्डा की कप्तानी और खेल कौशल की सराहना की। एडवोकेट शिव भादु ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्रामीण प्रतिभाएं आज वैश्विक पटल पर क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं। उन्होंने टीम की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए सभी खिलाड़ियों के



उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गौरतलब है कि निशु हुड्डा की प्रतिभा का लोहा प्रशासन और दिग्गज राजनेता भी मान चुके हैं। बीते गणतंत्र दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया था, वहीं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी प्रशंसा पत्र भेजकर उनकी उपलब्धि को सराहा है। खिलाड़ी के परिवार और ग्रामीणों ने राजस्थान जाट महासभा का आभार जताते हुए कहा कि खेल के मैदान में पसीना बहाने वाले खिलाड़ियों के लिए इस तरह का प्रोत्साहन किसी स्वर्ण पदक से कम नहीं है। इस सम्मान समारोह से पूरे गांव और परिवार में हर्ष का माहौल है।

इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप भांभू, व्यवस्थापक प्रेमकुमार भांभू, कालूराम हुड्डा एवं विद्यालय स्टाफ, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने निशु हुड्डा के आगामी मुकाबलों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## पीएम श्री महात्मा गांधी विद्यालय प्रागपुरा के कायाकल्प की मुहिम तेज

### प्रधानाचार्य ने भामाशाहों व अभिभावकों से आगे आने की अपील की



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रागपुरा के सर्वांगीण विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर विद्यालय प्रशासन ने ग्रामवासियों, भामाशाहों एवं अभिभावकों से सहयोग की भावपूर्ण अपील की है। गणतंत्र दिवस तथा हाल ही में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मिले व्यापक सहयोग के लिए विद्यालय परिवार ने समाज के प्रति आभार व्यक्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि कार्यग्रहण के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि प्रागपुरा भामाशाहों की नगरी रही है। विद्यालय का प्रार्थना हॉल, प्रयाग रंगमंच और विशाल कक्ष इसके गौरवशाली अतीत के सजीव प्रमाण हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यालय का इतिहास समृद्ध रहा है और उसे पुन: उसी शिखर पर पहुंचाने के लिए सम्पूर्ण विद्यालय परिवार संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रहा है। विद्यालय विकास के लिए इससे पूर्व विद्यालय स्टाफ ने भामाशाह की भूमिका निभाते हुए प्रत्येक कर्मचारी द्वारा 5,100 का योगदान दिया। प्रधानाचार्य विपिन कुमार मामोडिया ने स्वयं 15,000 का सहयोग प्रदान किया, जबकि भामाशाह नरेन्द्र कुमार सैनी ने पहले 21,000 का योगदान देकर हाल ही में इसे बढ़ाकर 51,000 कर दिया। इसके अतिरिक्त कमलेश बंसल पुत्र स्व. श्यामलाल बंसल द्वारा भी कमरों की मरम्मत के लिए 10 हजार एवं विष्णु सिंह द्वारा भी विद्यालय विकास हेतु 1,100 का सहयोग प्रदान किया गया है। यह समस्त राशि विद्यालय के रंगरोगन एवं अन्य भौतिक संसाधनों के विकास में व्यय की जाएगी। प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि विद्यालय में रंगरोगन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन अभी भी खिड़कियों पर पल्ले लगवाने, आवश्यक मरम्मत कार्य तथा कक्षा–कक्षों की छतों पर वाटरप्रूफिंग की अत्यंत आवश्यकता बनी हुई है।

इन कार्यों के पूर्ण होने से छात्र–छात्राएं सर्दी, गर्मी एवं वर्षा के मौसम में भी निर्बाध रूप से अध्ययन कर सकेंगे। प्रधानाचार्य मामोडिया ने कहा, बूंद–बूंद से घड़ा भरता है। जो भी साथी स्वेच्छा से विद्यालय विकास में सहयोग करना चाहते हैं, विद्यालय परिवार उनका सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने बताया कि विद्यालय विकास के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से क्यूआर/बारकोड साझा कर इच्छुक भामाशाहों से मन मुताबिक आर्थिक सहयोग की अपील की गई है।

## डी पी एस, उदयपुर के रितिशा-रेयांश ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान



रेयांश जैन



रितिशा जैन

**उदयपुर ( नि.स. )।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर की कक्षा आठवीं के दो अत्यंत प्रबुद्ध व होनहार छात्रों रितिशा जैन तथा रेयांश जैन ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन स्टेट लेवल कैंप–2026 में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की है। यह प्रतियोगिता जे आई ई टी , जोधपुर में 11 जनवरी 2026 को आयोजित की गई थी। प्राचार्य संजय नरवरिया ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में रितिशा जैन ने रैंक तीन प्राप्त कर सफलता अर्जित की है। उन्होंने बताया कि रेयांश जैन ने स्कूल, जिला तथा राज्य तीनों स्तरों पर अव्वल आकर अपनी प्रतिभा का परचम फहराया और विद्यालय को गौरव प्रदान किया है। रेयांश ने वीवीएम स्टेट लेवल कैंप– 2026 में रैंक 2 प्राप्त की है। रेयांश अब मई माह में एम्स, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेगा। प्राचार्य संजय नरवरिया तथा उपप्राचार्य राजेश धाभाई ने बच्चों व अभिभावक को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## संसद में उदयपुर : सांसद डॉ रावत का सुझाव भारत सरकार ने माना, ग्राम सभा में बनेगा विकसित ग्राम का प्लान

**उदयपुर ( नि.स. )।** धरती आबा जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत विकसित भारत में, विकसित जनजाति ग्राम अभियान भी चलेगा जिसमें प्रत्येक विकसित ग्राम का प्लान ग्राम सभा में तैयार होगा। इसके लिए अलग से ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। लोकसभा में बुधवार को सांसद डॉ.मन्नालाल रावत की ओर से तारांकित प्रश्न के दौरान यह सुझाव रखा गया था जिस पर जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने बताया कि सरकार इस सुझाव पर काम करेगी। उन्होंने बताया कि विकसित भारत में विकसित जनजाति ग्राम हेतु भारती आवास जनजाति उन्नत ग्राम अभियान में 63000 से अधिक जनजाति बाहुल्य गांव शामिल किए गए हैं। राजस्थान में भी 30 जिलों में 208 ब्लॉकों के 6019 ग्रामों में यह जनजाति उन्नत ग्राम अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य भौतिक सुविधा एवं मानव संसाधन विकास के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करना है। सांसद डॉ रावत के प्रश्न पर जनजातीय कार्य मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 2 अक्टूबर, 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीएजेजीयूए) का शुभारंभ किया। इस अभियान में 17 लाइन मंत्रालयों द्वारा कार्यान्वित किए गए 25 उपाय शामिल हैं और इसका लक्ष्य अजजा बहुल गांवों या आकांक्षी जिलों में अवसंरचना और मानव विकास के अंतरों (कमियों) को पूरा करके जनजातीय समुदायों का समग्र सामाजिक–आर्थिक विकास करना है। इस अभियान के उद्देश्यों में अन्य बातों के साथ–साथ, जनजातीय आबादी के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, पीने के पानी, आवास, आजीविका और अवसंरचना तक पहुंच में सुधार करना, मंत्रालयों की मौजूदा योजनाओं के अभिसरण के माध्यम से सामाजिक अवसंरचना, स्वास्थ्य सेवाओं, स्कूली शिक्षा, संपर्क (कनेक्टिविटी), कौशल विकास और आजीविका सहायता में कमियों को संतृप्त करना शामिल है।

## गांजा लेकर जा रहे दो जने गिरफ्तार

**सिरोही ( नि.स. )।** सरूपगंज थाना पुलिस ने धनारी में कार्रवाई कर अवैध रूप से गांजा ले जा रहे दो जनों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी ओमप्रकाश के अनुसार गश्त के दौरान पुरानी धनारी में दो जने कहीं पैदल जाते हुए मिले। संदेह के आधार पर इनकी तलाशी लेने पर अलग अलग बैग में कुल पांच किलो 480 ग्राम गांजा मिला। पुलिस ने गांजा बरामद कर रोहिड़ा में बोरी निवासी कसना पुत्र राणाराम गमेती व पाली जिले के ठाकुरवास–सिरियारी निवासी मानचंद्रपाल सिंह पुत्र माधोसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

## सर्वधर्म सहयोग की भावना, गांव-गांव संपर्क अभियान जारी

बढ़ता राजस्थान

**प्रागपुरा( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के प्राचीन नृसिंह मंदिर में गुरूवार को आगामी भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। महंत मणिराम दास महाराज के सानिध्य में हुई इस बैठक में विश्व के सबसे बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत 11 फरवरी को प्रागपुरा में प्रस्तावित सम्मेलन के आयोजन, कार्यक्रमों और प्रबंधन पर विस्तृत विचार–विमर्श हुआ। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष बजरंग लाल चौधरी ने की। यह बैठक समिति की तृतीय बैठक रही, जिसमें प्रागपुरा कस्बे के साथ मांजूकोट, कुनेड़, भूरी–भड़ाज और किराडोद का संयुक्त सम्मेलन प्रागपुरा सुभाष चौक पर आयोजित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन से पूर्व कलश यात्रा व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बाइक रैली निकाली जाएगी। महंत मणिराम दास महाराज ने कहा कि यह सम्मेलन केवल आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण, समन्वय और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा हिंदू समाज जब एक साथ खड़ा होता है तो वह केवल आयोजन नहीं, अपितु सामाजिक शक्ति और सांस्कृतिक चेतना का संदेश देता है। हमें भावी पीढ़ी को अपनी परंपरा और मूल्य सौंपने का दायित्व निभाना होगा।

समिति सचिव रतिपाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर गांव–गांव संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा हिंदू सम्मेलन समाज की भागीदारी से सफल होगा। हमारा उद्देश्य हर गांव, हर घर और हर वर्ग तक सहयोग और सहभागिता का संदेश पहुंचाना है। समिति सदस्य मिंटू शर्मा ने कहा कि युवाओं में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा बाइक रैली और कलश यात्रा में युवा वर्ग की भूमिका विशेष रहेगी। सम्मेलन का उद्देश्य सांस्कृतिक एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। बैठक में समिति



उपाध्यक्ष ललित गोयल, कोषाध्यक्ष रामनिवास सैनी, भूरी–भड़ाज प्रशासक कैलाश चंद स्वामी, पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, राजेन्द्र कुमार वशिष्ठ, मदन लाल, महेश सैनी, बाबूलाल सैनी, प्रमोद शर्मा, गोपाल सैनी, मोनू जांगिड, सरोज यादव, अपर्णा अग्रवाल सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं बल्कि गरीब और मजदूर के जीवन का सशक्त सहारा : गुर्जर

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने नरेगा मजदूरों से किया संवाद, मनरेगा को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड़ कांग्रेस जिलाध्यक्ष इन्द्राज सिंह गुर्जर ने गुरूवार को कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा कलां एवं कुहाड़ा में नरेगा मजदूरों से संवाद किया। इस दौरान गुर्जर ने नरेगा मजदूरों को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को समाप्त करने की साजिश के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उनकी भावनाओं को जाना तथा मनरेगा को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं बल्कि गरीब और मजदूर के जीवन का सशक्त सहारा है। भाजपा सरकार द्वारा नरेगा को कमजोर या समाप्त करने के प्रयास ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार और मजदूरों के सम्मान पर सीधा प्रहार हैं, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस दौरान ग्रामीण जनता को जागरूक करने, उनकी आवाज को एकजुट करने और मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना की रक्षा के लिये सामूहिक संकल्प लिया गया। मजदूरों को समय पर काम, पूरा भुगतान और उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिये संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मजदूरों की आवाज को बुलंद करना और उनके अधिकारों की रक्षा करना ही हमारा संकल्प है। यह लड़ाई अधिकार की है और अधिकार की लड़ाई आखिरी दम तक लड़ी जायेगी। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंद सैनी व एड. सतीश निमोरिया, सरपंच विक्रम छावड़ी, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद आर्य, युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेष सचिव प्रदीप गुर्जर, पंचायत राज प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. महेश यादव, ओबीसी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राजेंद्र यादव, कांग्रेस नेता छीतर रावत, युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष संदीप रावत, नारेहड़ा मंडल अध्यक्ष पूरण सिंह तंवर, बनेठी मंडल अध्यक्ष ब्रह्मानंद गौड़, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ. मनमोहन सिंह राठौड़, बल्लू कांकरिया, किशन बंसल, टेकचंद दायमा समेत अन्य मौजूद रहे।

## नौकरी से लेकर सोशल मीडिया ठगी तक कठपुतली नगर में जागरूकता अभियान



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** द मैजिक बस संगठन की टीम ने ज्योति नगर स्थित कठपुतली नगर कच्ची बस्ती का दौरा कर वहां साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र आयोजित किया। सत्र में नौकरी, सोशल मीडिया, वैवाहिक, ऋण और कूरियर से संबंधित घोटालों को शामिल किया गया। इस दौरान संगठन पदाधिकारियों ने उपस्थितजनों को जागरूकता का संदेश दिया। वहीं विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. ओपी टांक व गजानंद खींची ने आयोजकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कैंसर पीड़ित लेक्चरर को राहत ट्रांसफर पर अधिकरण की रोक, शिक्षा विभाग के आदेश पर लगी ब्रेक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे एक



लेक्चरर को शिक्षा विभाग द्वारा बारां जिले के दूरदराज़ स्कूल में ट्रांसफर किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता दिख रहा है। पीड़ित लेक्चरर ने पहले उच्च अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कहीं से कोई राहत नहीं मिली। निराश होकर लेक्चरर ने अधिवक्ता कुलदीप असवाल से संपर्क किया। अधिवक्ता असवाल ने मामले को सिविल सेवा अपील अधिकरण में प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद माननीय अधिकरण ने शिक्षा विभाग के ट्रांसफर आदेश पर स्टे लगाते हुए लेक्चरर को बड़ी राहत प्रदान की। इस फैसले को मानवीय दृष्टिकोण से अहम माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि यह आदेश बीमार कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक मजबूत संदेश है।

## बाल विवाह निषेध व साईबर अपराध पर जागरूकता शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ के सचिव के निर्देषानुसार गुरुवार को विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। पीएलवी संजय कुमार जोशी एवं बबीता जांगिड़ के नेतृत्व में आयोजित शिविरों में बाल विवाह निषेध, नागरिकों के मौलिक अधिकारों, लोक अदालत तथा रालसा के 90 दिवसीय अभियान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लाभार्थियों को साईबर अपराध से बचाव के उपायों के साथ-साथ राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत विधिक जानकारी प्रदान की गई। शिविरों में कुल 243 लाभार्थियों ने भाग लिया। यह जागरूकता कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बनार एवं पूजा पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल चुरी में आयोजित किया गया। इस मौके पर बनार स्कूल प्रधानाचार्य ईष्वर सिंह यादव व चुरी में अध्यापक जगदीश कश्यप ने भी विद्यार्थियों को बाल विवाह व साईबर क्राईम के बारे में जागरूक किया। इस दौरान व्याख्याता कैलाश चंद यादव, वरिष्ठ अध्यापक सुरेश चंद यादव, विजय प्रकाश शर्मा, आनंदपाल यादव, कृष्ण चंद यादव पीटीआई, अध्यापक अनीता मीणा, विकास मीणा, राजेंद्र मीणा, धोलाराम गुर्जर सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर घर-घर बांट रहे हैं पीले चावल



बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** ग्राम पंचायत आभावास में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन 2 फरवरी 2025 को दोपहर 1:00 बजे से 4:00 बजे तक कार्यक्रम होगा। मंडल अध्यक्ष मोहनलाल ओला ने बताया कि कार्यक्रम बुगलें वाले बालाजी मंदिर परिसर किया जाएगा। सभी को टीम बनाकर घर घर जाकर पीले चावल बांट रहे हैं एवं इस विराट भव्यहिंदू सम्मेलन को मंडल आभावास में आयोजित हो रहा है। विराट हिंदू सम्मेलन का एक ही मकसद है कि प्रत्येक समाज से हिंदुओं की एकता मिसाल पहुंचे। इस कार्यक्रम की सभी स्वंय सेवकों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है इस कार्यक्रम में बूढ़े बुजुर्ग पुरुष महिलाएं आदि को आमंत्रण किया है। इस अवसर पर मदनलाल सैनी, जितेंद्र सैनी,बसंत कुमार स्वयंसेवक आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में तैयारी जोरों शोरों से चल रही है।

## हेड कांस्टेबल व कांस्टेबल डेढ़ लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की डूंगरपुर टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना दोवड़ा, जिला डूंगरपुर में तैनात हेड कांस्टेबल अशोक कुमार पाटीदार और कांस्टेबल प्रकाश चन्द्र पटेल को 1 लाख 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के पुलिस महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को शिकायत प्राप्त हुई थी कि परिवादी को ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के अनुसार 18 जनवरी 2026 को परिवादी को पुलिस वाहन में बैठा कर थाना दोवड़ा ले जाया गया, जहां उसके मोबाइल की जांच कर उस पर ठगी का आरोप लगाया गया। आरोपियों ने मुकदमा दर्ज नहीं करने और मोबाइल वापस देने की एवज में 2 लाख रुपये की मांग की। बाद में बातचीत के दौरान आरोपी 1.50 लाख रुपये लेने पर सहमत हो गए। 28 जनवरी 2026 को रिश्वत मांग का सत्यापन किया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए। उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में तथा पुलिस उप अधीक्षक रतन सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में एसीबी डूंगरपुर टीम ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को रिश्वत की राशि लेते हुए गिरफ्तार कर लिया।

## संभागीय आयुक्त ने किया टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** संभागीय आयुक्त पूनम गुरुवार को जिले के दौरे पर रहीं, इस दौरान उन्होंने राजकीय सरदार जनाना अस्पताल कोटपूतली परिसर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान और निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की कोटपूतली ईकाई द्वारा सीएसआर के अंतर्गत आयोजित किये गये कार्यक्रम में मरीजों को पोषण किट का वितरण किया। संभागीय आयुक्त ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि टीबी को नियमित दवा एवं पौष्टिक आहार लेने से छः माह में खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अब सिर्फ 1089 टीबी के मरीज हैं और नियमित दवा एवं पौष्टिक आहार लेने से इस बीमारी से मुक्त हो सकते हैं। उन्होंने अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड द्वारा सीएसआर में किये जा रहे कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व कार्मिकों सहित मरीज भी टीबी से सावधानी एवं उपचार के बारे में आमजन को जागरूक करें, जिससे कि इस बीमारी का जड़ से खात्मा हो सके, सरकार टीबी रोकथाम के लिये मुफ्त ईलाज सहित विभिन्न जागरूकता अभियानों के साथ विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का संचालन कर रही है, जिसका आमजन लाभ उठायें। इस दौरान उन्होंने टीबी का मुफ्त ईलाज एवं निक्षय किट प्राप्त करने वाले मरीजों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। साथ ही सरकार द्वारा प्राप्त हो रहे लाभों के बारे में आमजन को वॉलिंटियर के रूप में कार्य कर जागरूक करने को कहा। सीएमएचओ ने बताया कि पोषण किट के अंदर चना, मूंगफली, राजमा, सोयाबीन की बड़ी एवं मिक्स दाल है जो कि मरीजों के लिये पौष्टिक आहार का काम करेगी। इस दौरान जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी, विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, कोटपूतली सीमेंट ईकाई प्रमुख नितिन दुराफे, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, एसडीएम रामावतार मीणा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. जय भगवान यादव, बीसीएमओ डॉ. पूरण चंद गुर्जर सहित टीबी मरीज व आमजन मौजूद रहे। संचालन डीएनओ रविकांत जांगिड़ ने किया।

## संभागीय आयुक्त ने कलेक्ट्रेट कार्यालय का किया निरीक्षण, मीडिया को नहीं दी गई पूर्व सूचना

### प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** संभागीय आयुक्त पूनम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कोटपूतली का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि संभागीय आयुक्त के आगमन की जानकारी प्रशासन को थी, लेकिन इसकी पूर्व सूचना मीडिया को नहीं दी गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं के प्रशासनिक कार्यों, अभिलेख संधारण, जनसुनवाई व्यवस्था एवं कार्मिकों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।

इस दौरान संभागीय आयुक्त ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े प्रकरणों का त्वरित, संवेदनशील एवं प्रभावी निस्तारण किया जाए तथा कार्यों में अनुशासन एवं उत्तरदायित्व बनाए रखा जाए। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं प्रत्येक स्तर पर सुदृढ़ मॉनिटरिंग पर जोर दिया। साथ ही डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग से कार्यों को सरल, पारदर्शी एवं नागरिकों के लिए सुगम बनाने के निर्देश दिए। संभागीय आयुक्त ने रिकार्ड संधारण में शुद्धता और सुव्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता बताते हुए फाइलों के डिजिटलीकरण एवं ई-फाइल प्रक्रिया को और गति देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय जनता के विश्वास का केंद्र है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को समय पर, ससम्मान और सुगमता से सेवा मिलनी चाहिए।निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम रामवतार मीणा सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।

## रेड चीफ ने बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना को बनाया अपना नया ब्रांड एंबेसडर

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** भारत के जाने.माने स्वदेसी फुटवियर ब्रांड रेड चीफ ने बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस अहम साझेदारी के ज़रिए कंपनी देशभर में अपनी ब्रांड मौजूदगी को और सशक्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। कंपनी का मानना है कि आयुष्मान खुराना की लोकप्रियताए भरोसेमंद छवि और युवाओं के बीच उनकी मज़बूत पकड़ ब्रांड को नए उपभोक्ताओं से जोडऩे में मदद करेगी। इस एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य मेट्रो शहरों के साथ.साथ टियर.1ए टियर.2 और टियर.3 शहरों में रहने वाले स्टाइल.कॉन्शसए महत्वाकांक्षी और बदलते फैशन ट्रेंड को अपनाने वाले उपभोक्ताओं से ब्रांड के जुड़ाव को और गहरा करना है। रेड चीफ इस साझेदारी के माध्यम से खुद को केवल एक फुटवियर ब्रांड नहींए बल्कि युवाओं की लाइफस्टाइल और पर्सनैलिटी से जुड़ा ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। लीयान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज ज्ञानचंदानी ने कहा कि आयुष्मान खुराना रेड चीफ की सोच को पूरी तरह दर्शाते हैं। उन्होंने कहाए श्आयुष्मान की पहचान सादगीए मेहनत और अपनी जड़ों से जुड़े रहने की है। उनकी देशभर में लोकप्रियता हमारे ब्रांड को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद करेगी। इस सहयोग से हम युवाओं से बेहतर कनेक्ट बनाना चाहते हैं और अपनी फॉर्मल लेदरए कैजुअल लेदरए स्पोट्र्स शूज़ और स्नीकर्स रेंज पर फोकस बढ़ाएंगे। वहीं लीयान ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पार्थ ज्ञानचंदानी ने कहाए श्आयुष्मान हमारे ब्रांड के लिए बिल्कुल सही फिट हैं। उनमें यूथ अपील है और उनका फैशन सेंस आज की पीढ़ी से जुड़ता है। हमारा लक्ष्य रेड चीफ को एक लाइफस्टाइल ब्रांड बनाना है। इसके लिए हम नए स्पोट्र्स शूज़ और स्नीकर्स के साथ-साथ बेहतर कम्फर्टए हल्के डिज़ाइन और मॉडर्न लुक पर लगातार काम कर रहे हैं। इस मौके पर आयुष्मान खुराना ने कहा श्रेड चीफ जैसे भारतीय ब्रांड के साथ जुडक़र मुझे बहुत खुशी हो रही है। यह ब्रांड अपने मजबूत भारतीय आधार और लोगों को आगे बढऩे के लिए प्रेरित करने की सोच के लिए जाना जाता है।

## सशक्त लोकतंत्र और पत्रकारिता का व्याख्यान कार्यक्रम आज

बढ़ता राजस्थान

**सीकर (नि.स.)।** जिले की विश्व प्रसिद्ध धार्मिक नगरी खाटूश्यामजी में पत्रकारिता और लोकतंत्र के आपसी संबंधों को लेकर शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सशक्त लोकतंत्र और पत्रकारिता की थीम पर जर्नलिस्ट यूनियन संयुक्त सीकर राजस्थान के तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन खाटूश्यामजी स्थित होटल कृष्ण इन में दोपहर 12.15 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पत्रकारिता के सामाजिक दायित्व, लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका तथा वर्तमान समय में पत्रकारिता के समक्ष खड़ी चुनौतियों पर सार्थक और सकारात्मक विचार-विमर्श करना है।


**कार्यालय अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा टोंक**

मुख्य डाकघर के पास, सवाई माधोपुर रोड़, टोंक

क्रमांक :- ADPC/SMSA/Civil/NIT/2025-26/1029 — दिनांक :- 27/01/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 32 (टोंक)/2025-26**

राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय/अर्द्धशासकीय/स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से ब्लॉक देवली के 09, ब्लॉक पीपलू के 05 एवं ब्लॉक टोंक के 02 राजकीय विद्यालयों में मानसून वर्ष 2025 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त विद्यालयों की तात्कालिक अस्थाई मरम्मत एवं पुर्नस्थापना हेतु एस.डी.आर.एफ. योजनान्तर्गत ग्रुपवार ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं। अन्य नियम एवं शर्ते वेबसाइट **http://sppp.raj.nic.in** एवं **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदा इलेक्ट्रोनिक फारमेट में वेबसाइट **http://eproc.rajasthan.gov.in** पर जमा करवानी होगी।

| | | |
|---|---|---|
| NIT - 32 | NIB Code | RSE2526A1708 |
| | UBN No. | RSE2526WSOB06574 |

राज.संवाद/सी/25/18725 — अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, टोंक


## 48 हजार रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

## नगरपालिका अनूपगढ़ के तीन अधिकारी-कर्मचारी एसीबी के शिकंजे में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी श्रीगंगानगर इकाई द्वारा गुरुवार को कार्यवाही करते हुये नगरपालिका अनूपगढ के सुनील कुमार सहायक लेखाधिकारी, सुरेश कुमार स्टोरकीपर एवं भारत सोनी कम्प्यूटर ऑपरेटर (निविदा) नगरपालिका अनूपगढ को सह परिवादी से उसकी फर्म के पेण्डिग बिल भुगतान करने की एवज में पूर्व में किये गये भुगतान राशि करीब 4 लाख रूपये का 12 प्रतिशत कमीशन के हिसाब से 48000 / रूपये रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी श्रीगंगानगर को परिवादी की एक शिकायत इस आशय की मिली कि उसकी फर्म के पेण्डिग भुगतान के सम्बधं में श्री सुनील कुमार सहायक लेखाधिकारी व श्री सुरेश कुमार स्टोरकीपर नगरपालिका अनूपगढ द्वारा उसकी फर्म को पूर्व में किये गये भुगतान प्रथम बिल राशि 4,09,000 / रूपये का 15 प्रतिशत कमीशन (रिश्वत) की मांग कर तथा कमीशन देने पर ही पेण्डिग बिलो का भुगतान करने हेतु कहा है, नही देने पर भुगतान नही करने की धमकी देकर परेशान किया जा रहा है। जिस पर भुवन भूषण यादव उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रनिब्यूरो रेंज बीकानेर के सुपरविजन में एसीबी श्रीगंगानगर के श्री पवन कुमार मीणा अति. पुलिस अधीक्षक, भ्रनिब्यूरो, श्रीगंगानगर के नेतृत्व में आज श्री राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक एवं ब्यूरो स्टाफ के ट्रेप कार्यवाही करते हुये तीनो आरोपियों को सह परिवादी से 48,000/ रूपये बतौर रिश्वत रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खण्ड मालपुरा**

पताः व्यास सर्किल के पास, सदरपुरा रोड जलदाय विभाग केम्पस, मालपुरा जिला टॉंक

Mobile No. 8279108410 — E-Mail ID: eemal.ton.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांकः 10310/जन स्वा०/माल 0/2025-26/7388-99 — दिनांकः 16/01/2026

**ई-निविदा सूचना संख्या 204 से 205/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से जन स्वा० अभि० विभाग खण्ड मालपुरा के अधीन विभिन्न क्षेत्रो मे कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में जन स्वा० अभि० विभाग में पर्जीकृत सर्वेदको एवं राज्य सरकार केन्द्र सरकार के अधिकृत सगंठनो केन्द्रीय लोक निमार्ण विभाग/डाक एवं दूर सचर्चार विभाग / रेलवे इत्यादि मे पजीकृत सर्वेदको जो कि राजस्थान सरकार के सक्षम श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेट प्रकिया के तहत ऑन लाइन निविदाएँ आमत्रिंत की जाती है।

निविदा फार्म आनें लाइन वेबसाइट http://www.eproc.rajasthan.gov.in से निम्न विवरण मे अकिंत अनुसार अवधि मे निविदा प्रपत्र प्राप्त कर जमा कराये जा सकते है। निर्धारित तिथि को यदि किसी कारणवश अवकाश रहता है। तो उसके अगले कार्यदिवस में उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जाएगी। निम्न हस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा भाग को निरस्त करने का अधिकार होगा। निविदा की लागत कम व अधिक की जा सकती है।

विस्तृत विवरण आनें लाइन बेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp,sppp.rajasthan.gov.in ,http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक सवेदको को अपने digital Signature certificate (DSC) के माध्यम से वेबसाइटhttp://www.eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक उक्त निविदाओ का वेबसाइट sppp.rajasthan.gov.in पर युनिक बिड न० निम्नानुसार है।

| | |
|---|---|
| निविदा डाउनलोड करने की अतिंम तिथि | 16.01.2026 से 29.01.2026 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की अतिम तिथि | 16.01.2026 से 29.01.2026 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा तकनीकी बिड खोलने की तिथि व समय | 30.01.2026 को सायं 03.00 बजे |

| S. No | Nit No | NIB Code | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | 204/2025-26 | PHE2526A5328 | PHE2526WSOB10925 |
| 2 | 205/2025-26 | PHE2526A5328 | PHE2526WSOB10926 |

अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्ड मालपुरा

## सम्पादकीय

# सुप्रीम कोर्ट की सही रोक

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव रोकने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की ओर से लाए गए नए नियमों पर रोक लगाकर कलह और अविश्वास के वातावरण को ही दूर करने का काम किया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रथमदृष्ट्या यह पाया कि नए नियमों में अस्पष्टता है और इसके चलते उनका दुरुपयोग होने की आशंका है। अच्छा होता कि इसे यूजीसी की ओर से ही भांप लिया जाता और उसकी ओर से ऐसे नियम बनाए जाते, जो दुरुपयोग की आशंकाओं को जन्म नहीं देते। इससे इन्कार नहीं कि उच्च शिक्षा संस्थानों में यदा-कदा भेदभाव के मामले आ जाते हैं, लेकिन उन्हें रोकने के लिए यूजीसी ने जो नए नियम बनाए, उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे शिक्षा संस्थानों में बड़े पैमाने पर भेदभाव हो रहा था और एससी-एसटी-ओबीसी वर्गों के लाखों छात्र पीडित हो रहे थे। निःसंदेह ऐसी स्थिति नहीं थी। सच यह है कि शिक्षा संस्थानों में जातिगत भेदभाव की कुछ ही शिकायतें सामने आती थीं और उनमें भी चुनिंदा ही सही पाई जाती थीं। आखिर ऐसे में ऐसे नियम क्यों बनाए गए, जो यह प्रतीति करा रहे थे कि शिक्षा संस्थान जातिगत भेदभाव के गढ़ बन गए हैं? जब नियम-कानून बनाते समय कोई समस्या अतिरंजित दिखाई जाती है तो समाज में गलत संदेश तो जाता ही है, राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों की भी पौ बारह हो जाती है। यूजीसी के नए नियमों के मामले में भी ऐसा ही हुआ। इन नियमों को लेकर विभाजनकारी राजनीति होने लगी और आरक्षित एवं सामान्य वर्गों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने का काम होने लगा। आखिर यूजीसी ने यह आभास क्यों नहीं किया कि समय के साथ जैसे सार्वजनिक स्थानों और कार्यस्थलों पर जातिगत भेदभाव कम हुआ है, वैसे ही शिक्षा संस्थानों में भी स्थिति सुधरी है?

यह समझना भी कठिन रहा कि नए नियमों में भेदभाव को जाति- आधारित भेदभाव क्यों कर दिया गया और झूठी शिकायतों के लिए सजा के प्रविधान को क्यों हटा दिया गया? फिलहाल कहना कठिन है कि यूजीसी के नियमों में किस तरह के संशोधन-परिवर्तन होंगे, लेकिन यह ध्यान रखा जाए तो बेहतर कि किसी भी तरह के भेदभाव रोकने के उपाय ऐसे नहीं होने चाहिए, जो समाज को जाति के खांचों में विभक्त दिखाएं। इस सदंर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने यह सही कहा कि हमें उस स्थिति में नहीं जाना चाहिए, जहां भिन्न-भिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग शिक्षा संस्थान हों। देश को ऐसे वातावरण की ओर बढना चाहिए, जिसमें कहीं भी किसी तरह के भेदभाव के लिए कोई गुंजाइश न



रहे और यदि कहीं कोई समस्या सामने आए तो उसका समाधान इस तरह किया जाए, जिससे सामाजिक सद्भाव को बल मिले। शिक्षा संस्थानों में तो ऐसा वातावरण होना और भी आवश्यक है।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 30 जनवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1522 - ल्यूबेक और डेनमार्क के बीच युद्ध।
- 1641 - पुर्तग़ाल ने मलक्का की खाड़ी व मलाया डचों को सौंप दी।
- 1648 - स्पेन और हॉलैंड के बीच शांति समझौता हुआ।
- 1649 - इंग्लैंड के सम्राट 'चार्ल्स प्रथम' को फ़ांसी दी गई।
- 1788 - ब्रिटेन के राजकुमार 'चार्ल्स एडवर्ड स्टुअर्ट' की रोम में मौत हो गयी।
- 1790 - लाइफ़बोट के तौर पर निर्मित पहली नाव का टायन नदी में परीक्षण।
- 1902 - चीन और कोरिया की स्वतंत्रता के बारे में ब्रिटेन और जापान के बीच पहली 'आंग्ल-जापानी संधि' पर लंदन में हस्ताक्षर हुए।
- 1903 - लॉर्ड कजऱ्न ने मेटकाफ़ हॉल में 'इंपीरियल लाइब्रेरी' का उद्घाटन किया।
- 1911 - 'कैनेडियन नेवल सर्विस' का नाम बदलकर 'रॉयल कैनेडियन नेवी' किया गया।
- 1913 - 'हाउस आफ़ लॉर्ड्स' ने आइरिश होम रूल बिल को ख़ारिज किया।
- 1933 - एडॉल्फ़ हिटलर ने आधिकारिक रूप से जर्मनी के चांसलर की कमान सम्भाली।
- 1943 - स्टालिन ग्राफ़ के पास सोवियत फ़ौजों से जर्मन सेना हारी।
- 1948 - महात्मा गांधी की हत्या हुई।
- 1949 - रात्रि एयर मेल सेवा की शुरूआत हुई।
- 1957 - राष्ट्र संघ ने दक्षिण अफ्ऱीका को अपनी नस्ल भेदी नीति पर पुनर्विचार करने के लिए कहा।
- 1964 - दक्षिण वियतनाम में सेना ने सत्ता पर कब्ज़ा किया।
- 1971 - इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण।
- 1972 - पाकिस्तान ने 'राष्ट्रमंडल' से अपना नाम वापस लिया।
- 1974 - इंडियन एयरलाइंस के 'फोकर फ्रेंडशिप विमान' का अपहरण हुआ।

## विशेष आलेख

# अजित पवार को भावनात्मक भाजपाई भावांजली या सियासत का कोई संकेत?



निरंजन परिहार




सियासत में कोई भी काम यूं ही नहीं होता। यहां हर कदम अगले कदम की तैयारी होता है और हर पहल भविष्य की किसी संभावना का संकेत। राजनीति में घटनाओं को उनके सतही अर्थों से नहीं, बल्कि उनके निहितार्थों से पढ़ा जाता है। इसी परंपरा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता के निधन पर अजित पवार को दी गई बीजेपी की श्रद्धांजलि का त्वरित और प्रभावशाली विज्ञापन आज सियासी हलकों में गहन चर्चा का विषय है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गहरे शोक में है। पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अपने वरिष्ठ नेता के असामयिक निधन से गमगीन। यह स्वाभाविक है कि पार्टी अपने नेता को श्रद्धांजलि दे। यह भी स्वाभाविक है कि सरकार, जिसमें वह नेता शामिल रहे हैं, आधिकारिक तौर पर शोक प्रकट करे। लेकिन इस पूरे घटनाक्रम में जो बात असाधारण है, वह है, बीजेपी की महाराष्ट्र इकाई द्वारा प्रकाशित फ्रंट का फुल-पेज श्रद्धांजलि विज्ञापन। अजित पवार मौजूदा सरकार का हिस्सा थे। यह विज्ञापन अगर महाराष्ट्र सरकार की ओर से दिया जाता, तो इसे समूचे महाराष्ट्र की ओर से दी गई श्रद्धांजलि माना जाता। लेकिन यहां विज्ञापन सरकार का नहीं, बल्कि पार्टी का है, बीजेपी का है। वह भी कोई छोटा, औपचारिक शोक संदेश नहीं, बल्कि करोड़ों रुपये खर्च कर प्रमुख समाचार पत्रों के मुखपृष्ठों पर प्रकाशित प्रभावशाली विज्ञापन। यह तथ्य ही इस पूरे घटनाक्रम को सामान्य से अचानक असामान्य बना देता है।

भारतीय राजनीति में आम तौर पर शोक संदेशों की भी एक अलिखित मर्यादा और परंपरा रही है। विरोधी दल के नेता के निधन पर संवेदना व्यक्त की जाती है, ट्वीट होते हैं, बयान आते हैं, और विज्ञापन भी। लेकिन किसी अन्य दल के नेता के लिए इतने व्यापक, त्वरित और तात्कालिक तरीके से बेहद महंगे श्रद्धांजलि विज्ञापन, वह भी सीधे पार्टी की ओर से, यह दृश्य बेहद दुर्लभ है। अगर इतिहास में झांका जाए, तो ऐसे उदाहरण बहुत कम मिलते हैं। 2014 में आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एनटी रामाराव के परिवार या 2018 में अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर सभी दलों ने व्यापक श्रद्धांजलि दी थी, लेकिन तब वाजपेयी एक सर्वस्वीकृत राष्ट्रीय नेता थे और देश के प्रधानमंत्री भी रहे थे। वहां सरकार और पार्टी के बीच की रेखा लगभग मिट चुकी थी। इसी तरह, 2022 में मुलायम सिंह यादव के निधन पर भी उत्तर प्रदेश में कई दलों ने बड़े स्तर पर शोक प्रकट किया, लेकिन किसी एक पार्टी द्वारा दूसरे दल के नेता के लिए इतने त्वरित और खर्चीले मुखपृष्ठीय विज्ञापन देखने को नहीं मिले। यही कारण है कि इस श्रद्धांजलि की तात्कालिकता और व्यापकता को लेकर कांग्रेस, शिवसेना, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और स्वयं बीजेपी के भीतर भी सियासी मायने तलाशे जा रहे हैं। सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह केवल संवेदना है, या इसके पीछे कोई सियासी संदेश छिपा है? महाराष्ट्र की राजनीति वैसे भी गठबंधन, टूट-फूट और पुनर्संयोजन की प्रयोगशाला रही है। शिवसेना के टूटने से लेकर कांग्रेस के फूटने तक। एनसीपी के विभाजन, अजीत पवार का सत्ता में आने और शरद पवार का अलग खेमे में जाने की राजनीतिक घटनाओं के बीच बीजेपी की हर रणनीति को दीर्घकालिक चश्मे से देखा जाता है। ऐसे में यह श्रद्धांजलि विज्ञापन केवल शोक व्यक्त करने का माध्यम नहीं रह जाता, बल्कि संभावित सियासी संकेत का रूप ले लेता है। कुछ विश्लेषक इसे एनसीपी के अजित पवार गुट के प्रति बीजेपी की सार्वजनिक स्वीकृति और अपनत्व के प्रदर्शन के रूप में देख रहे हैं। कुछ इसे भविष्य के लिए रिश्तों को और मजबूत करने का संदेश मान रहे हैं। वहीं, कुछ का कहना है कि यह शरद पवार गुट को यह जताने का तरीका भी हो सकता है कि सत्ता, संसाधन और सियासत किसके साथ खड़े हैं। वैसे भी, राजनीति में संवेदनाओं की सांसें और रणनीतियों के राज अक्सर एक-दूसरे में घुले होते हैं। माना कि अजीत पवार के प्रति यह श्रद्धांजलि सच्चे शोक की अभिव्यक्ति है, मगर इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि यह सियासी गणित का एक सोचा-समझा नया अध्याय शुरू करने की कोशिश भी। इसीलिए महाराष्ट्र की सियासत में इस असामान्य श्रद्धांजलि को लंबे वक्त तक याद रखा जाएगा, लेकिन इसके वास्तविक मायने आने वाले कुछ ही दिनों में अधिक स्पष्ट हो जाएंगे, यह भी तय है। बीजेपी की राजनीति हमेशा रणनीतिक प्रतीकों, सुदीर्घ संकेतों और व्यापक संदेशों पर आधारित रही है। चाहे वह किसी कार्यक्रम में मंच साझा करने का तरीका हो या किसी नेता के प्रति सार्वजनिक सम्मान का प्रदर्शन। बीजेपी के हर कदम में अपनी टाइमिंग और अपने संदर्भ होते हैं। जिनको समझना, राजनीति के जानकारों के लिए भी आसान भले ही ना हो, लेकिन मुश्किल तो कतई नहीं है। इसी संदर्भ में अजीत पवार को यह श्रद्धांजलि विज्ञापन भले ही, भावनात्मक भाजपाई भावांजली हो, मगर रणनीतिक ज्यादा लगता है, यही सच है। और हां, अंत में एक बात यह भी कि राजनीति में बीजेपी वह सब कुछ कर जाती है, जो बाकी राजनीतिक पार्टियां सोच भी नहीं पाती। क्योंकि बीजेपी सियासत, सत्ता और सम्हले रहने के अलावा और कुछ नहीं सोचती।

# विकासशील देशों में संसाधनों की कमी, पर्यावरण संकट और जलवायु परिवर्तन

(प्रकृति-चिंतन)



संजीव ठाकुर

*औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है।*

वर्तमान में पृथ्वी तथा प्राकृतिक संसाधनों के विनाशकारी जलवायु परिवर्तन की गति तथा उसके प्रभाव में गति की तीव्रता तेजी से महसूस की जाती रही है। इसका और कोई कारण ना होकर मानव की अवांछित गतिविधियां ही हैं। जिनमें मूलतः वन का विनिष्टिकरण, जीवाश्म ईंधन का ताबड़तोड़ प्रयोग, नई कृषि नीति तथा पद्धति की तीव्रता से होते हुए उद्योगों की संरचना और कंक्रीट के जंगलों यानी शहरों का विस्तारीकरण बड़े कारण हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद विज्ञान से उत्पादित औद्योगिकरण के विकास के साथ मनुष्य ने वायुमंडल के प्रक्रियागत प्रभाव में बदलाव लाना शुरू किया है, जिसके फलस्वरूप पृथ्वी में भूमंडलीय ऊष्मा का विस्तार ओजोन परत का क्षरण, असामयिक बाढ़,अकाल का आना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा में वृद्धि से हरित गृह प्रभाव की घटना प्रभावित हुई है। ग्रीन हाउस इफेक्ट पृथ्वी की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसके कारण पृथ्वी का निचला स्तर मंडल गर्म बना रहता है. तथा जीवन के अनुरूप वायुमंडल में वातावरण जीवन उपयोगी तथा जीवन के अनुकूल बना रहता है। किंतु ग्रीन हाउस इफेक्ट में बदलाव आने के साथ ही मनुष्य के सामने जलवायु परिवर्तन की बड़ी समस्या सामने आई है। इस तरह के परिवर्तन से ही पृथ्वी की परत को हमें बचाना होगा जिससे हम अति उष्णता, गर्म जलवायु और कम उत्पादन की विभीषिका से मानव को बचा सकते हैं। (विश्व में विकासशील देश दोहरी चुनौतियों से जूझ रहे हैं, पहली भुखमरी यानी कि गरीबी दूसरी जलवायु में तीव्र परिवर्तन और यह दोनों एक दूसरे से गहरे संबंधित हैं। विकासशील तथा गरीब राष्ट्र एक और गरीबी तथा भुखमरी से लड़ाई लड़ रहे हैं एवं गरीबी से छुटकारा पाकर गरिमामय जीवन जीना चाहते हैं ।इसके लिए वे अपने प्राकृतिक, वैज्ञानिक संसाधनों का दोहन करके विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का प्रयास करते हैं जिससे इनके सम्मुख कई चुनौतियां उत्पन्न हो जाती है) इनके पास पर्याप्त रूप से आर्थिक वित्तीय पूंजी की कमी साथ ही उन्नत तकनीक का अभाव भी है। ऐसे में यह विकासशील राष्ट्र के विकास हेतु परंपरागत विकास साधनों पर आश्रित हो जाते हैं, जैसे विद्युत उत्पादन के लिए कोयले का उपयोग करना, वाहनों में प्रयुक्त ईंधन की गुणवत्ता का निम्न होना, कारखानों की पुरानी मशीनों द्वारा कार्बन, सल्फर, नाइट्रोजन आदि तत्वों की बड़ी मात्रा में वायु को उत्सर्जित करना आदि आते हैं। इन सब के कारण ग्रीन हाउस गैसें निर्मित होने से ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन घटनाओं को तीव्रता प्राप्त होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण वैश्विक तापक्रम जैसे कारकों में बहुत तेजी से परिवर्तन होता आया है। इसके पश्चात वर्षा की अनिश्चितता तथा अनियमितता में वृद्धि हुई है साथ ही बाढ़ सूखा अकाल सुनामी हिमस्खलन भूस्खलन जैसी प्राकृत आपदाओं का कई देश हर वर्ष सामना करते आ रहे हैं। उनके सम्मुख बड़ी विकट स्थिति उत्पन्न होती आई है, और यही प्राकृतिक आपदाएं उन देशों को फिर से गरीबी के दलदल में ढकेल देती है जहां भुखमरी का बोलबाला होता है।

## लघुकथा

बढ़ता राजस्थान

### कमरा



पिताजी, क्यों न आपके रहने का इंतजाम ऊपर बरसाती में कर दिया जाए? हरिबाबू ने वृद्ध पिता से कहा। देखिए न, बच्चों की बोर्ड-परीक्षा सिर पर हैं। बड़े कमरे में शोर-शराबे के कारण वे पढ़ नहीं पाते। हमने सोचा, कुछ दिनों के लिए यह कमरा उन्हें दे दें। बहू ने समझाने का प्रयत्न किया। मगर बेटा, मुझसे रोज ऊपर-नीचे चढना-उतरना कहाँ हो पाएगा? पिता ने चारपाई पर लेटे-लेटे कहा। आपको चढने-उतरने की क्या जरूरत है! ऊपर ही हम आपको खाना-पानी सब पहुँचा दिया करेंगे। और शौच-गुसलखाना भी ऊपर ही है। आपको कोई दिक्कत नहीं होगी। और सुबह-शाम घूमने के लिए चौड़ी खुली छत है। बहू ने अपनी बात जोड़ी। पिताजी मान गए। उसी दिन से उनका बोरिया-बिस्तर ऊपर बरसाती में लगा दिया गया। अगले ही दिन, हरिबाबू ने पत्नी से कहा, मेरे दफ्तर में एक नया क्लर्क आया है। उसे एक कमरा चाहिए किराए पर। एक हजार तक देने को तैयार है। मालूम करना मुहल्ले में अगर कोई.... एक हजार रुपए!.... पत्नी सोचने लगी, क्यों न उसे हम अपना छोटा वाला कमरा दे दें? वह जो पिताजी से खाली करवाया है? हरिबाबू सोचते हुए-से बोले, वह तो बच्चों की पढ़ाई के लिए.... अजी, बच्चों का क्या है! पत्नी बोली, जैसे अब तक पढ़ते आ रहे हैं, वैसे अब भी पढ़ लेंगे। उन्हें अलग से कमरा देने की क्या जरूरत है? अगले दिन वह कमरा किराए पर चढ़ गया।

## हैल्थ टिप्स

बढ़ता राजस्थान

# सर्दियों में साइनस की समस्या से छुटकारा पाने के लिए रोज करें ये योगासन, चुटकियों में मिलेगा आराम

01.उष्ट्रासन-इस आसन को करने के लिए जमीन पर घुटने के बल बैठ जाएं और दोनों हाथों को कूल्हों पर रखें। अब गहरी सांस लेते हुए रीढ़ की निचली हड्डी पर आगे की तरफ दबाव डालें। इस दौरान पूरा दबाव नाभि पर महसूस होना चाहिए। इसके बाद अपने हाथों से पैरों को पकड़ें और कमर को पीछे की तरफ मोड़ें।। इस स्थिति में 30-60 सेकंड रुकने के बाद आप धीरे-धीरे सामान्य स्थिति में आ सकते हैं। इस प्रक्रिया को 3-5 बार दोहराएं।

02.भुजंगासन- इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर पेट के बल लेट जाएं। अपनी कोहनियों को कमर से सटा के रखें और हथेलियां ऊपर की ओर रखें। अब धीरे-धीरे सांस भरते हुए, अपनी छाती को ऊपर की ओर उठाएं। उसके बाद अपने पेट को धीरे-धीरे ऊपर उठा लें। इस स्थिति में 30 सेकंड तक रहें। अब सांस छोड़ते हुए, सिर को धीरे-धीरे जमीन की ओर नीचे लाएं। इस प्रक्रिया को आप 3 से 5 बार दोहराएं।

03.सेतुबंधासन- इस आसन को करने के लिए सबसे पहले जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब अपने घुटनों को मोड़ें और तलवों को जमीन पर रखें। अपने दोनों हाथों से पैरों की एडियों को पकड़ें। सांस लेते हुए धीरे-धीरे अपनी बॉडी को ऊपर उठाएं। इस मुद्रा में 1-2 मिनट तक रहें। इसके बाद सांस छोड़ते हुए प्रारंभिक मुद्रा में आ जाएं। इस प्रक्रिया को 3-5 बार दोहराएं।

04.गौमुखासन- इस आसन को करने के लिए योगा मैट पर अपने दोनों पैरों को आगे करके बैठ जाएं। अपने दोनों हाथों को बगल में रखें। अब अपने बाएं पैर को घुटने से मोड़ें।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। बेवजह की भागदौड़ रहने से आप परेशान रहेंगे। आप किसी की कही सुनी बातों को लेकर परेशान न हो। यदि आपने किसी नए वाहन की खरीदारी की प्लानिंग की हैं।

**वृष**

आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपकी कुछ नया करने की आदत रंग लाएगी और आपके नए मित्र भी बनेंगे, लेकिन खर्चों के कारण आपकी मुश्किलें बढ़ेंगी।

**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए वाणी व्यवहार पर संयम रखने के लिए रहेगा, क्योंकि यदि आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, तो उसमें आपकी कोई बात बुरी लग सकती है, जिससे आपके शत्रु ही उत्पन्न होंगे।

**कर्क**

आज का दिन सांसारिक सुख भोग के साधनों मे वृद्धि लेकर आने वाला है। आप यदि परिवार में किसी सदस्य को कोई जिम्मेदारी देंगे, तो वह उस पर खरे उतरेंगे।

**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा और विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई को लेकर थोड़ा स्ट्रीक्सनेस दिखाएं।

**कन्या**

आज आप अपने मन में चल रही उलझनों को लेकर अपनी माता जी से बातचीत करेंगे, जिससे आपके मन का बोझ भी थोड़ा कम होगा। वाहन चलाते समय थोड़ा सावधानी बरतें।

**तुला**

आज का दिन आपके लिए किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा और आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। कोई विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है।

**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए कुछ नया करने के लिए रहेगा। आपके मन में काम को लेकर नई-नई आईडिया आएंगे ,जिन्हें आप बिजनेस में तुरंत लगाए।

**धनु**

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी किसी बात को लेकर जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकती हैं। आपको अपनी इनकम को लेकर थोड़ा एहतियात बरतनी होगी।

**मकर**

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और अपने रहन-सहन के स्तर में सुधार लाएंगे।

**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी और आपकी कोई काम को लेकर कार्यक्षेत्र में वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**मीन**

आज आपको अपने बिजनेस को लेकर कुछ समस्याएं आएगी, जिनको लेकर आप परेशान रहेंगे। आपको अपने कामों में किसी दूसरे से सलाह लेने से बचना होगा। सरकारी कामों को पूरा करने की आप पूरी कोशिश करेंगे।

# 36 दिनों से चल रहा है किसानों का धरना प्रदर्शन सरकार ने अब तक नहीं ली धरने पर बैठे किसानों की सुध

## बीसलपुर बांध के जलाशय भंडारण में 9 प्रतिशत का इजाफा करने की योजना का विरोध कर रहे हैं बांध क्षेत्र के किसान

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां पिछले 36 दिनों से बीसलपुर बांध क्षेत्र के विस्थापित किसान उपखंड परिसर के बाहर धरना देकर बैठे हुए हैं। 36 दिनों से चल रहे इस धरना प्रदर्शन कर रहे किसानों की राजस्थान सरकार ने अब तक सुध नही ली है। सरकार की इस बेरुखी से नाराज गरीब और विस्थापित किसान अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर इस कडक़ड़ाती सर्दी के बीच उपखंड परिसर के बाहर धरना देकर बैठे हुए हैं। किसानों ने बताया कि बीसलपुर बांध के जल भराव क्षमता को और 9प्रतिशत बढ़ाने की नीति एवं योजना बीसलपुर बांध क्षेत्र के किनारे 64 गांव पानी में डूब जाएंगे साथ ही हजारों हेक्टर कृषि भूमि भी बांध की जलाशय भंडारण में समा जाएगी। अगर ऐसा हुआ तो 64 गांव के गरीब और विस्थापित किसानों के परिवारो भरण पोषण के लाले पड़ जाएंगे। धरने पर बैठे किसान 64 गांव की कृषि भूमि को बचाने के लिए पुरजोर विरोध कर रहे हैं। बीसलपुर बांध क्षेत्रीय समन्वय समिति केकडी देवली अध्यक्ष के सतनारायण सरसड़ी पूर्व सरपंच राज बहादुर वर्मा, किसान नेता एडवोकेट बाबूलाल मीणा ने जानकारी में बताया कि राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने बीसलपुर बांध के जल भराव क्षमता को 9 प्रतिशत और बढ़ाने के लिए नीति बनाई है। ऐसे में एडवोकेट बाबूलाल मीणा किसान नेता ने बताया कि वर्तमान में बीसलपुर बांध की भराव क्षमता 315.50 आरएल मीटर निर्धारित की हुई है,, वर्तमान के इस जलाशय भंडारण से एक चौथाई राजस्थान को पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो रहा है तो वही हजारों हेक्टर भूमि पर पैदा होने वाली फसल की सिंचाई भी इसी बांध के पानी से हर सीजन में होती है।

धरना पर बैठे हैं पूर्व सरपंच राज बहादुर वर्मा ने बताया कि बीसलपुर बांध परियोजना की पुनर्वास नीति के तहत डूब क्षेत्र के पास 14 गांव कि विस्थापित कॉलोनियां एवं पुनर्वास कर आम सुविधाऐ पूर्व में उपलब्ध करा दी गई थी जो कि इस 9प्रतिशत जल भराव क्षमता की योजना के रहते डूब जाएंगे। किसान नेता एडवोकेट बाबूलाल मीणा ने कहां की बीसलपुर बांध की भराव क्षमता वर्तमान में 315.50 आरएल मीटर है. जिसको और बढ़ाने की आवश्यकता नहीं है। इसलिए की ई आर सी पी की कैनाल द्वारा बीसलपुर बांध को जोड़ा जा रहा है साथ ही बीसलपुर बांध की गहराई बढ़ाने का काम भी चल रहा है तो वहीं बीसलपुर बांध के आगे ईसरदा बांध का कार्य भी तकरीबन पूरा हो चुका है।

उल्लेखनीय है कि ईसरदा बांध के जल से भंडारण से जब पेयजल आपूर्ति शुरू होगी तो लगभग 5 से 7 जिलों को इसका लाभ पहुंचेगा तो साथ उक्त जिलों के कृषि क्षेत्र में फायदा पहुंचेगा। इसलिए कि हर बारिश के दौरान बीसलपुर बांध के गेटों से छोड़े जाने वाला पानी ईसरदा बांध मे एकत्रित विशाल जलाशय भंडारण हो जाएगा।

इधर देवली शहर के व्यापारियों का मानना है कि अगर बीसलपुर बांध में वर्तमान जलाशय भंडारण 9प्रतिशत का और इजाफा किया गया तो देवली के कारोबार में बहुत बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। इस दौरान धरना पर बैठे कमेटी के अध्यक्ष सतनारायण सरसड़ी ने बताया कि पूर्व में राज्य सरकार ने बीसलपुर बांध का निर्माण करवाए जाने के दौरान बांध के जलाशय क्षमता मिनिमम 315.50 निर्धारित की गई बांध की अधिकतम क्षमता 316.40 आरएल मीटर सरकार द्वारा निर्धारित की गई थी इसी योजना के अंतर्गत विस्थापित कॉलोनी का निर्माण करवा किसानों को इस क्षेत्र इसी क्षेत्र में सवाई चक में अन्य प्रकार की भूमि आवंटन कर दी गई थी जिससे विस्थापित किसान अपने जीवन का गुजारा कर रहे हैं तो वही समय के साथ-साथ विस्थापित किसानों ने अपनी भूमि और विस्थापित कॉलोनी में पक्के निर्माण करवा लाखों करोड़ों के खर्चे पर अपने आवास बनाए हुए हैं। ऐसे में बांध के अंदर 9त्न पानी का इजाफा और होता है तो 64 गांव के किसानो के परिवार भरण पोषण से लाचार हो जाएंगे।




# संस्कृति, साधना और सुरों की साधिका बनीं 9 वर्षीय कृषा वैष्णव

बढ़ता राजस्थान



**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** जहां आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता की ओर अग्रसर है, वहीं टोडारायसिंह उपखंड के भासू गांव की 9 वर्षीय कृषा वैष्णव भारतीय संस्कृति और शास्त्रीय संगीत की मिसाल बनकर उभरी हैं। कम उम्र में संगीत साधना को जीवन का आधार बनाकर कृषा ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। 77वें गणतंत्र दिवस पर जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कृषा को राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वह इस समारोह में सम्मान पाने वाली सबसे कम उम्र की प्रतिभा रहीं। कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल से हटकर अतिथियों द्वारा कृषा को मंच पर बुलाकर आशीर्वाद देना सभी के लिए भावुक क्षण रहा।अब तक कृषा 2 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार, 1 एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और 5 बार इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुकी हैं। वे रिटायर्ड इंजीनियर रामनिवास वैष्णव की पोत्री एवं भीलवाड़ा मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभागाध्यक्ष डॉ. जयराज वैष्णव की पुत्री हैं। इस सफलता के पीछे उनकी मां कृति वैष्णव का समर्पण और त्याग अहम रहा है। कृषा आज केवल बाल कलाकार नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा की जीवंत प्रतीक बन चुकी हैं।

# गणतंत्र दिवस पर छात्रा आराध्या सिंहल को 25 वाँ हरिराम शर्मा स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** यहां गणतंत्र दिवस पर छात्रा आराध्या सिंहल को 25 वाँ हरिराम शर्मा स्मृति पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार दिवंगत हरिराम शर्मा की स्मृति में 25 वाँ हरिराम शर्मा स्मृति पुरस्कार 2026 छात्रा आराध्या सिंहल प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर अटल उद्यान में हुए समारोह कार्यक्रम मे उपखंड स्तरीय सम्मानित कार्यक्रम दौरान उपखंड अधिकारी रूबी अंसार ने आराध्या सिंघल को हरिराम शर्मा स्मृति पुरस्कार पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समिति के सचिव व पूर्व पार्षद नवल जोशी ने बताया कि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक हरिराम शर्मा की स्मृति में गत 24 वर्षो से देवली नगर पालिका क्षेत्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को यह पुरस्कार दिया जाता है। इस बार 25 वाँ हरिराम शर्मा स्मृति पुरस्कार इम्मानुएल मिशन स्कूल की छात्रा आराध्या सिंहल पुत्री नीरज सिंहल को प्राप्त हुआ है आराध्या सिंगल ने देवली नगर पालिका क्षेत्र में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा में सर्वाधिक 95.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किये.है छात्रा को पुरस्कार स्वरूप मां सरस्वती की धातु प्रतिमा, प्रमाण पत्र एवं 1001 रुपए नकद राशि से सम्मानित किया गया है।

# स्वामी रामचरण महाराज की जयंती व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा शाखा निवाई के तत्वावधान में 31 जनवरी को शहनाई गार्डन निवाई में विजयवर्गीय एवं अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के स्वामी रामचरण महाराज की 306 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष जितेंद्र विजय ने बताया कि स्वामी रामचरण महाराज का प्राकट्य महोत्सव को लेकर भजन संकीर्तन सहित कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस दौरान नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# अनियंत्रित होकर पलटी बोलेरो,दो जने घायल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/गुंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गुंसी पुलिया पर गुरुवार शाम करीब सवा पांच बजे एक बोलेरो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे कार में सवार दो जने घायल हो गए। गुंसी चौकी प्रभारी हरिमन मीणा ने बताया कि गुरुवार को एक बोलेरो कार नीम का थाना से टोंक की ओर जा रही थी। करीब सवा पांच बजे गुंसी पुलिया से उतरते समय कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में कार में सवार सुरेशकुमार गुर्जर पुत्र गिरधारी निवासी ग्राम मावा तहसील नीमका थाना व विक्रम सिंह पुत्र रामनिवास जाट निवासी रामकुमारपुरा थाना नीम का थाना घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से उप जिला अस्पताल निवाई पहुंचाया। करीब आधे घंटे बाद पुलिस ने जेसीबी की सहायता से बोलेरो को सडक़ मार्ग से दूर हटाकर यातायात सुचारू करवाया गया।



# 25 के काटे विद्युत कनेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** जयपुर विद्त वितरण निगम, निवाई क्षेत्र में विद्त बिलों की बकाया राशि वसूली अभियान के अंतर्गत वसूली टीम ने 3 लाख 20 हजार की राशि वसूल की है। जयपुर डिस्काम प्रथम के सहायक अभियंता कैलाश माली ने बताया कि उपखंड क्षेत्र में विद्त बिल बकाया राशि वसूली अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गुरुवार को टीम ने उपखंड क्षेत्र में बकायेदारों से 3 लाख 20 हजार की राजस्व वसूली की है। इस दौरान 25 बकायादारों के विद्त कनेक्शन विच्छेद किए गए। उन्होंने बताया कि अभियान लगातार जारी रहेगा।



# शिक्षा विभाग की नई पहल: सरकारी स्कूलों में अब विद्यार्थी संभालेंगे सफाई की कमान, तैनात होंगे हाइजीन मॉनिटर

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। राजस्थान के सरकारी विद्यालयों में अब स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। शिक्षा विभाग की नई पहल के तहत प्रदेश के समस्त राजकीय विद्यालयों में 4 से 12 तककी प्रत्येक कक्षा और सेक्शन में एक-एक हाइजीन मॉनिटर (स्वच्छता कैप्टन) नियुक्त किया जाएगा।

इस संबंध में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य विद्यालय परिसरों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ विद्यार्थियों में व्यक्तिगत स्वच्छता, सामूहिक जिम्मेदारी और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। चयनित हाइजीन मॉनिटर अपनी कक्षा में सफाई व्यवस्था पर नजर रखेंगे और सहपाठियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर 'स्वच्छता स्टार' या 'बेस्ट हाइजीन मॉनिटर' का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**एमडीएम से पहले धुलवाएंगे हाथ**

हाइजीन मॉनिटर की प्रमुख जिम्मेदारियों में मिड-डे मील से पूर्व सभी विद्यार्थियों का हाथ धोना सुनिश्चित करना शामिल होगा। इसके साथ ही वे व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सुथरे कपड़े और आसपास की सफाई को लेकर भी सतर्क रहेंगे। प्रत्येक माह के अंतिम कार्यदिवस पर हाइजीन मॉनिटर अपनी कक्षा के विद्यार्थियों के साथ 10 मिनट का चर्चा सत्र आयोजित करेंगे। इसमें विद्यालय को स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ रखने के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।



### कक्षाध्यापक करेंगे मनोनीत

सरकारी विद्यालयों के कक्षा अध्यापक हर कक्षा में एक हाइजीन मॉनिटर्स को मनोनीत करेंगे। चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रार्थना स्थल पर विशेष स्वच्छता शपथ दिलाई जाएगी, ताकि वे अपने दायित्वों को गंभीरता से निभाए। अन्य विद्यार्थियों को भी जिम्मेदारी और नेतृत्व का अवसर देने के उद्देश्य से हर छह माह में हाइजीन मॉनिटर का पुन: चयन किया जाएगा। इससे अधिक से अधिक विद्यार्थी इस अभियान से जुड़ सकेंगे।

### ये होंगे मुख्य दायित्व

- कक्षा में डेस्क, बोर्ड और खिड़कियों की साफ-सफाई पर नजर
- कचरा पात्र के सही उपयोग को सुनिश्चित करना
- पेयजल टंकी और पानी की स्वच्छता की साप्ताहिक निगरानी
- गंदगी फैलाने से रोकने के लिए सहपाठियों को प्रेरित करना।

बाल विवाह मुक्त भारत का हुआ शंखनाद

# कैबिनेट मंत्री ने मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राष्ट्रभक्ति के गौरव के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक बदलाव के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिला प्रशासन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला बाल संरक्षण इकाई, सिकोईडिकोन संस्था एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह मुक्ति रथ को मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीरसिंह जौनपुरिया, जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने रथ को रवाना करते हुए समाज को बाल विवाह रूपी बेडियों से मुक्त करने का आह्वान किया। सिकोईडिकोन संस्था से देवेंद्र कुमार जांगिड़, विमल कुमार बंडल, राजेंद्र कुमार, किरण शर्मा व ममता शर्मा ने रथ के माध्यम से गाँव-गाँव तक बाल विवाह मुक्ति का संदेश पहुँचाने का संकल्प लिया।

सिकोईडिकोन संस्था से देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि यह रथ जिले के सुदूर क्षेत्रों में जन-जन को इस कुरीति के विरुद्ध एकजुट करेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चों के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक नई उम्मीद जगाई।



# छोटे-छोटे बदलाव ही भविष्य में बड़ी क्रांति लाते हैं- गिरिराज गुर्जर

## इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का हुआ आगाज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का आगाज हुआ। इसको लेकर नीले और हरे डस्टबिन से स्वच्छता की नई मुहिम शुरू की गई। जिसमें में पर्यावरण संरक्षण को लेकर इको क्लब की गतिविधियों का आयोजन किया गया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को प्रकृति के प्रति जागरूक बनाना और कैंपस को जीरो वेस्ट क्षेत्र में तब्दील करना है। क्लब के पहले अभियान के तहत विद्यालय कैंपस के हर कोने में नीले और हरे रंग के डस्टबिन लगाए गए हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान क्लब के प्रभारी विष्णुकांत शर्मा ने डेमो देकर कचरे का सही निपटान करने की विधि बताई। उन्होंने बताया कि हरे रंग के डिब्बे में फल-सब्जियों के छिलके और पेड़-पौधों की पत्तियां डाली जाएंगी। इस कचरे से भविष्य में क्लब द्वारा कंपोस्ट खाद तैयार की जाएगी। नीला डस्टबिन सूखा कचरा जिसमें प्लास्टिक की बोतलें, कागज, कांच और धातु जैसा सामान डाला जाएगा, जिसे बाद में पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाएगा।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय का व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय निवाई में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदलाई के व्यावसायिक शिक्षा के कक्षा 9 व 10 वीं के विद्यार्थियों का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। व्यवसायिक प्रशिक्षक जगदीशसिंह गुर्जर ने बताया कि छात्र-छात्राओं ने डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय का भ्रमण कर इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के तकनीकी पहलु सर्किट डिजाइनिंग व हार्डवेयर रिपेयरिंग की जानकारी ली। भ्रमण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर ट्रेड के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स लैब का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मदरबोर्ड और सर्किट कंप्यूटर एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मदरबोर्ड की बनावट एवं उनके विभिन्न कंपोनेंट्स की कार्यप्रणाली एवं हार्डवेयर टेस्टिंग इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में आने वाली खराबी को जांचने और उन्हें ठीक करने के आधुनिक तरीके समझाए। विद्यार्थियों ने सोल्डरिंग, मल्टीमीटर का उपयोग एवं डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स से जुडे प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन देखा। भ्रमण दल के शिक्षकों ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी सिद्धांतों के बजाय वास्तविक मशीनों एवं उपकरणों पर काम करते हुए दिखाना था। मोदी विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों ने विद्यार्थियों को बताया कि इलेक्ट्रॉनिक सेक्टर में भविष्य में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और स्किल इंडिया के तहत यह ट्रेड सबसे महत्वपूर्ण है। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के वर्कशॉप एवं इनोवेशन सेंटर में भी गहरी रुचि दिखाई। भ्रमण में विद्यालय के व्यवसायिक प्रभारी नीलू सक्सेना, प्रशिक्षक जगदीशसिंह गुर्जर, मंजू स्वर्णकार व नवल धाबाई सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।




आचार्य विद्यासागर महाराज का मनाया समाधि दिवस

# राग द्वेष कर्म कालिमा के विच्छिन्न हो जाने पर मनुष्य भी भगवान बन जाता है - वर्धमान सागर

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** आचार्य विद्यासागर महाराज के द्वितीय समाधि दिवस के उपलक्ष्य में दिगम्बर जैन समाज निवाई के तत्वावधान में श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में संगीतमय भक्ताम्बर पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज के सानिध्य में आचार्य विद्यासागर महाराज का द्वितीय समाधि दिवस समारोह को लेकर कई धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें श्रद्धालुओं ने संगीतमय णमोकार महामंत्र एवं भक्तामर स्तोत्र पाठ किया गया। इस दौरान भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्वलित करने का सौभाग्य विज्ञातीर्थ कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा एवं नरेन्द्र जैन को मिला। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मंगलाचरण महिला मण्डल की शिप्रा जैन, शशी सोगानी, अर्चना टोंग्या, ममता सांवलिया, आशा जैन, हेमा बनेठा, सीमा जैन, रितु चंवरिया, मोना पाटनी, सावित्री जैन व संजय सोगानी ने किया। उन्होंने बताया कि महिलाओं ने संगीत के साथ णमोकार महामंत्र एवं रिद्धि मंत्रों का उच्चारण करके 48 भक्तामर पाठ श्लोकों की प्रस्तुतियां दी। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भक्तामर पाठ की रचना कर मण्डप पर दीप समर्पित किए। इस दौरान सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा, चालीसा व शांति पाठ के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर आचार्य वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि जिस प्रकार अन्धकार और प्रकाश, धूप और छाया, जन्म एवं मरण, का एक साथ रहना बिलकुल असम्भव है। इसी प्रकार धर्म और अधर्म, ज्ञान और विज्ञान तथा विवेक और अविवेक का भी एक साथ सद् भाव असम्भव है। उन्होंने कहा कि राग की कालिमा हमारे अन्तपटल से जब हटती जाती है तो धर्म की जाग्रति होना प्रारम्भ हो जाती है। इसी तरह राग द्वेष आदि कर्म कालिमा के विच्छिन्न हो जाने पर मनुष्य भी भगवान बन जाता है। उन्होंने बताया कि आचार्य वर्धमान सागर महाराज की आहारचर्या का सौभाग्य प्रेमचंद, राकेश कुमार सांवलिया को प्राप्त हुआ।



## बानसूर निःशुल्क प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 1 फरवरी को

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित राज फाउंडेशन ट्रस्ट व आरसीआई शिक्षा ग्रुप द्वारा इस वर्ष कक्षा पांचवी,आठवीं,दसवीं तथा 12वीं में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 01फरवरी 2026 को किया जाएगा। निदेशक डॉ विजय कुमार ने बताया कि परीक्षा में इस सत्र की बोर्ड कक्षाओं पांचवी, आठवीं, दसवीं तथा 12वीं की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थी अपनी तैयारी जांचने के लिए भाग लेंगे। प्रतिभा खोज परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 11हजार रूपये द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले कोई 51सौ रूपये तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को31सौ रूपये नगद इनाम के साथ-साथ अन्य इनाम भी दिए जाएंगे । टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस परीक्षा को बोर्ड परीक्षा से पहले परीक्षा 2026 नाम से भी संबोधित किया जा रहा है। निदेशक डॉ विजय कुमार ने बताया इस सत्र बोर्ड परीक्षा एक माह पूर्व संपन्न हो रही है। इसलिए विद्यार्थियों को अपनी परीक्षा तैयारी जांचने का अवसर इस परीक्षा के माध्यम से दिया जा रहा है। इस परीक्षा में राजस्थान बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड के हिंदी माध्यम तथा अंग्रेजी माध्यम के बानसूर,कोटपूतली, पावटा,बहरोड़,नीमराना,मुंडावर, खैरथल,तिजारा,नारायणपुर, थानागाजी क्षेत्र के सभी परीक्षार्थी भाग ले सकते हैं। यह परीक्षा पूर्णता निशुल्क रहेगी। इसमें कक्षा पांचवी आठवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए मुख्य रूप से तीन विषय गणित,अंग्रेजी तथा विज्ञान को सम्मिलित किया गया है। कक्षा 12वीं में विद्यार्थी के ऑप्शनल सब्जेक्ट मुख्य रूप से शामिल किए गए हैं। अपना निशुल्क रजिस्ट्रेशन करने के लिए तथा इससे संबंधित संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु विद्यार्थी 7733 855 881 मोबाइल नंबर पर हेलो लिखकर व्हाट्सएप कर सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कर पाते हैं तो ऐसे विद्यार्थी 01 फरवरी 2026को प्रात: 9:30 बजे बानसूर के आरसीआई शिक्षा ग्रुप के प्रांगण में पहुंचकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।



## 2 फरवरी को आएगी बन्दर पकडऩे वाली टीमःयादव

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र में बन्दरों का आतंक कुछ इस कदर हो गया है कि घर से निकलना दुभर हो गया है। क्षेत्रवासी विप्र समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी ने बताया कि किसान कॉलोनी में बन्दरों का आतंक दिनभर बना रहता है आखिर किसान कॉलोनीवासी किधर जाएं। उन्होंने बताया कि सप्ताह भर में बन्दरों की टोली ने करीब आधा दर्जन से भी अधिक लोगों को काटकर घायल कर दिया है। गुरुवार को उगन कंवर धर्मपत्नी हनुमानसिंह शेखावत अपनी पड़ोसन के घर जा रही थी कि अचानक बन्दरों की टोली ने उनपर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। जिसे अस्पताल ले जाया गया वहाँ उनका टांके लगाकर उपचार किया गया। जोशी ने बताया कि हमने नगर पालिका प्रशासन को अनेकों बार अवगत करा दिया है पर समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि हाँ हमें कुछ आश्वासन आज अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव से मिला है कि वे 02फरवरी तक बन्दर पकडऩे वाली टीम को बुलाकर नगर पालिका क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाएंगे। वहीं नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विशाल यादव ने बताया कि बन्दरों के काटने की पूर्व में भी शिकायत मिली थी। हमने बन्दर पकडऩे वाली टीम को बुलाया था पर एक भी बन्दर पिंजरे में नहीं फंसा। अबकी बार यदि बन्दर पकडऩे वाली टीम विफल होती है तो हम वन विभाग को लिखकर कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।ज्ञापन सौंपने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की पूर्व प्रदेश सदस्य मंजू शर्मा,विप्र समाज के ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट विकास जोशी,मदन प्रधान, महेन्द्र जोशी, मनीष प्रधान,डॉ रोहिताश स्वामी, ताराचंद मेघवाल, सहित अनेक कॉलोनीवासी मौजूद रहे।



## 30 जनवरी को सभी राजकीय कार्यालयों एवं विभागों में मनाया जाएगा शहीद दिवस कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 जनवरी को सभी राजकीय कार्यालयों एवं विभागों में शहीद दिवस मनाया जाएगा।अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय श्री योगेश कुमार डागुर ने बताया कि सभी राजकीय कार्यालयों एवं विभागों में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में प्रात: 10:30 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पार्पण किया जाएगा, से प्रात: 10:40 बजे रामधुनी व गांधी जी के प्रिय भजनों का गान, प्रात: 10:58 बजे सावधान मुद्रा हेतु सभी से अनुरोध एवं प्रात: 11 बजे 2 मिनट का मौन रखा जाएगा ।

## स्कूल बस ने बच्ची को कुचला-मौत, ड्राइवर फरारःउतरने के बाद पास में खड़ी थी, परिजन बोले-पिछला और आगे का पहिया ऊपर से निकला

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अलवर के रामगढ़ के बामनीखेड़ा गांव में निजी स्कूल की बस ने 6 साल की बच्ची की कुचल दिया। हादसे में बच्ची की मौत हो गई। बच्ची इसी बस से उतरी थी। परिजनों ने बस ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही से बस चलाने का आरोप लगाया है। हादसा गुरुवार दोपहर करीब 3.30 बजे हुआ। इधर ड्राइवर हादसे के बाद से फरार है।बस से उतरकर पास में खड़ी थी मृतका के ताऊ बनवारी पुत्र गुरुदयाल ने मामले पर रामगढ़ थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया- बच्ची राखी पुत्री दीपचंद रामगढ़ के एक निजी स्कूल में पढ़ती थी। राखी रोजाना अपने भाई तन्नू और गांव के अन्य बच्चों के साथ उसी स्कूल बस से स्कूल जाती थी। गुरुवार को भी वह स्कूल गई थी। दोपहर 3.30 बजे स्कूल बस बच्चों को छोडऩे गांव पहुंची। बस से उतरने के बाद तन्नू आगे चला गया, जबकि राखी बस के पीछे खड़ी रही। इसी दौरान बस ड्राइवर ने बिना देखे बस को पीछे की ओर मोड़ दिया। राखी बस के पिछले पहिए के नीचे आ गई। ड्राइवर ने बस रोकने के बजाय आगे बढ़ाने की कोशिश की, जिससे बच्ची का सिर आगे के पहिए के नीचे भी आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर बस लेकर मौके से फरार हो गया।

## आशान्वित ब्लॉक भीम में संपूर्णता अभियान 2.0 का भव्य शुभारंभ

# उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता, कृषि सहित हर क्षेत्र में प्रत्येक नागरिक तक पहुंचेंगी योजनाएं :कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा)।** नीति आयोग के निर्देशन में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ 29 जनवरी, गुरुवार को आशान्वित ब्लॉक भीम में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता, कृषि एवं पशुपालन से जुड़े प्रमुख संकेतकों में समयबद्ध शत-प्रतिशत संतृप्ति हासिल करना है, ताकि विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। अभियान के शुभारंभ अवसर पर जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, मुख्य आयोजना अधिकारी संजय शर्मा, स्थानीय उपखंड अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, फ्रंटलाइन वर्कर्स एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने अपने संबोधन में कहा कि संपूर्णता अभियान 2.0 एक समन्वित और परिणामोन्मुखी पहल है, जो सरकारी योजनाओं को धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन, कुपोषण की रोकथाम, संस्थागत प्रसव, टीकाकरण, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा की गुणवत्ता जैसे विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए विभागीय समन्वय और जनभागीदारी सबसे अहम है। सभी विभाग मिलकर यदि योजनाओं को लागू करें, तो अपेक्षित परिणाम निश्चित रूप से प्राप्त किए जा सकते हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी संजय शर्मा ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि गतिविधियों को कैलेंडर के अनुसार चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा।




### 14 अप्रैल तक होंगी विविध गतिविधियां

अभियान की शुरुआत 30 जनवरी को ग्राम सभाओं के आयोजन से की जाएगी। इन ग्राम सभाओं में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित प्रमुख संकेतकों की संतृप्ति के लिए प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीबी उन्मूलन और स्वच्छता को लेकर जागरूकता शपथ दिलाई जाएगी।

### जनभागीदारी से बनेगा अभियान सफल

संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आशान्वित जिलों और ब्लॉकों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा और कृषि से जुड़े प्रमुख संकेतकों में समयबद्ध संतृप्ति हासिल करना प्रमुख लक्ष्य है। इसके साथ ही संपूर्णता अभियान 1.0 के दौरान प्राप्त उपलब्धियों को सुदृढ़ और स्थायी बनाना भी इसका अहम उद्देश्य है। अभियान के माध्यम से प्रशासनिक स्तर पर श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों को संस्थागत रूप दिया जाएगा, ताकि उन्हें अन्य ब्लॉकों और जिलों में भी अपनाया जा सके। विभिन्न विभागों और योजनाओं के बीच समन्वय को मजबूत कर समग्र विकास को बढ़ावा देना, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय नेताओं और सामुदायिक मंचों के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाना तथा सफल कहानियों का दस्तावेजीकरण कर नवाचार और आपसी सीख को प्रोत्साहित करना भी अभियान के प्रमुख उद्देश्य हैं। जिला प्रशासन ने आमजन, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे संपूर्णता अभियान 2.0 में सक्रिय सहभागिता निभाएं। जनसहयोग और प्रशासनिक प्रतिबद्धता के माध्यम से आशान्वित ब्लॉक भीम को संपूर्ण विकास का आदर्श मॉडल बनाने की दिशा में यह अभियान एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

## नशा मुक्त अभियान का हुआ आयोजन युवाओं ने ली नशा न करने की शपथ



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र की पड़ोसी पंचायत समिति थानागाजी के प्रतापगढ़ रोड पर स्थित हाईटेक कोचिंग संस्थान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत विभाग जिला युवा अधिकारी पंकज यादव के निर्देशानुसार श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा नशा एवं मादक द्रव्य के रोकथाम विषय पर जागरूकता एवं शिक्षा कार्यक्रम के तहत नशा मुक्त भारत अभियान का आयोजन कर युवाओं को नशा नहीं करने की शपथ दिलवाई गई। एथलेटिक्स कोच सुरेश चौधरी ने महिलाओं को चुप्पी तोड़ो सयानी बनो के तहत जागरूक रहने एवं राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि नशा व्यक्ति का नाश करता है इसलिए नशे से दूर रहकर हर व्यक्ति को नशा मुक्त बनाने में अपना अहम योगदान आवश्यक है जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यदि महिलाएं चाहे तो अपने-अपने घरों में जो व्यक्ति नशा करते हैं उनको जागरूक करके नशा छुड़ाने में अहम योगदान होता है। कोचिंग संचालक सुनील जांगिड़ ने कहा कि संस्था के द्वारा जो कार्य किया जा रहा है वह सराहनीय एवं समाज हित में किया जा रहा है। हर व्यक्ति को बढ़-चढक़र नशा मुक्त होकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जुडक़र अपने क्षेत्र गांव आदि में अच्छे कार्य में योगदान करें। इस मौके पर गायत्री शर्मा, रतनलाल मीणा, पंकज मीणा, कमलेश सैनी, कविता शर्मा, सपना पिंवाल, प्रीति शर्मा, वर्षा मीणा, मोनिका, शालू सैनी, खुशबू वर्मा, रवीना शर्मा, रामोतार जाट सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दो दिवसीय सत्रांत संस्थाप्रधान वाकपीठ संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे के पुराना राजगढ़ पर स्थित लिटिल फ्लावर इंग्लिश मीडियम स्कूल पुराना राजगढ़ में दो दिवसीय सत्रांत संस्थाप्रधान वाकपीठ संगोष्ठी का शुभारंभ सीबीइओ लीलावती मीना की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के दीप प्रज्वलन एवं वंदन के साथ हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीना ने बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विस्तृत निर्देश प्रदान किया साथ ही विभाग से प्राप्त निर्देशों का समयबद्ध पालन के लिए निर्देशित किया। इसके पश्चात ब्लॉक के नव आगंतु प्रधानाचार्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। संगोष्ठी में विशेष रूप से उपस्थित मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश चंद्र गुप्ता के द्वारा विभागीय योजनाओं के संबंध में निर्देश प्रदान किये गए एवं विभागीय योजनाओं को समयबद्ध पूरा करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही ब्लॉक द्वारा किए गए अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। संगोष्ठी में वार्ताकार विनोद चंद्रावल, रघुनंदन शर्मा, मुरारी लाल, विवेक शर्मा, मोतीलाल मीणा ने नामांकन वृद्धि, शाला दर्पण, संपर्क पोर्टल आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा रखी। इस अवसर पर एसीबीईओ युवराज शर्मा, कमल कुमार मीणा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सूर्य प्रकाश शर्मा, प्रधानाचार्य फॉर्म अध्यक्ष जगमोहन शर्मा सहित ब्लॉक राजगढ़ के सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य फॉर्म अध्यक्ष मोहन शर्मा ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ग्राम उत्थान शिविर आमजन के लिए बन रहे हैं राहत केंद्र

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राज्य सरकार द्वारा ग्राम-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्री-टेक मीट-2026) की तैयारियों एवं ग्रामीण उत्थान को गति देने के उद्देश्य से जिले के गिरदावर सर्किल पर एक दिवसीय विशेष ग्राम उत्थान शिविरों का आयोजन जा रहा है, जिसके द्वितीय चरण के तहत 31 जनवरी व 1 फरवरी तथा 5 से 9 फरवरी तक विशेष शिविरों का आयोजन होगा। ग्राम उत्थान शिविरों केंद्र एवं राज्य सरकार की इन योजनाओं से आमजन को किया जा रहा है लाभांवित जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि कृषि एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा तारबंदी, डिग्गी, पाइपलाइन, फार्म पॉण्ड, फव्वारा एवं ड्रिप, प्लास्टिक मल्च, सौर पंप संयंत्र की स्वीकृतियां, बैलों से खेती करने पर 30 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, फसल बीमा एवं एमएसपी की जानकारी, आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रदर्शन, सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण, सोलर पंप एवं पॉलीहाउस के आवेदन तैयार करने सहित बीज एवं मिनी किट वितरण का सत्यापन किया जाएगा तथा ग्राम 2026 में कृषकों की भागीदारी हेतु प्रचार-प्रसार किया जाएगा। कृषि विपणन विभाग द्वारा पीएमएफएमई के आवेदन तैयार करना, मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना के आवेदनों का निस्तारण तथा गिरदावरी सर्किल में आने वाले बस स्टैण्ड पर किसान विश्राम स्थल निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार किए जाएंगे।

## रैपिड एक्शन फोर्स बी व 194 बटालियन के साथ ड्रिल परिचयीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिले के आपदा के परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में रैपिड एक्शन फोर्स बी / 194 बटालियन के साथ ड्रिल /परिचयीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।
जिला पुलिस अधीक्षकअलवर सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कांबले शरण गोपीनाथ (आई0पी0एस0) अति. पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), जिला अलवर व किशोर कुमार कमान्डेंट के दिशा निर्देशन में भीम सिंह मीणा सहायक कमान्डेंट के नेतृत्व में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश से रैपिड एक्शन फोर्स बी/194 बटालियन कि एक प्लाटून 28 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिला अलवर में परिचित अभ्यास कर रही है।
इसी क्रम में गुरुवार को जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए द्रुत कार्य बल एंव स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में आने वाली चुनौतियों से निपटा जा सके। प्लाटून ने विनोद सामरिया पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना बगड तिराहा, भूपेंद्र सिंह पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना उधोग नगर, दिनेश चंद मीणा पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना एन.ई.बी एवं गुरूदत सैनी पु0नि0 थानाधिकारी पुलिस थाना वैशाली नगर जिला अलवर से मुलाकात की एवं उनके क्षेत्राधिकार में आने वाले गांवों में जाकर उनकी पूर्व में घटित हुई घटनाओं और इलाके की संवेदनशीलता के बारे मे जानकारी प्राप्त की एवं गांवों में फ्लैग मार्च एवं मोबाइल पैट्रोलिंग के द्वारा ग्रामीणों को शांति व सदभावना का संदेश दिया। इस अभ्यास के दौरान अंगद (आर.पी.एस.) वृत्ताधिकारी वृत उत्तर शहर जिला अलवर, भीम सिंह मीणा सहायक कमान्डेंट, गजानन्द यादव निरीक्षक, सतीश चन्द, जय मंगल व बी 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स व हर्षवर्धन स0उ0नि0 पुलिस लाईन जिला अलवर व पुलिस के जवान मौजूद रहे ।



**हिंदू सम्मेलन का आयोजन : पोदावली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विराट कार्यक्रम**

# संगठनात्मक भाव का बोध कराता है हिन्दू सम्मेलन : संत अमितदाससात

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राजसमंद जिले के पोदावली गांव में एक विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सामाजिक समरसता, संगठनात्मक चेतना और सांस्कृतिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। सम्मेलन में आसपास के सात गांवों की सहभागिता ने इसे ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया। सम्मेलन से पूर्व पोदावली, आत्मा, कुंवारिया, कनावदा, रातीतलाई, मादड़ी एवं दौलतपुरा गांवों के ठाकुर जी के सान्निध्य में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में राम दरबार, भारतमाता, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। हजारों की संख्या में युवा वर्ग, मातृशक्ति एवं सज्जनशक्ति भगवा ध्वज हाथों में लेकर गगनभेदी जयघोष करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुए। पूरे मार्ग में भगवामय वातावरण बना रहा और समस्त चौराहों को आकर्षक सजावट से सजाया गया। गांव की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक केसरिया पताकाओं, पुष्पवर्षा और पारंपरिक वेशभूषा ने माहौल को आध्यात्मिक एवं उत्सवमय बना दिया। शोभायात्रा के दौरान जय श्रीराम, भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से क्षेत्र गूंज उठा। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। आयोजन स्थल पर पहुंचने के पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। मंच व पंडाल को महापुरुषों के चित्रों से सुसज्जित किया गया, जिससे वातावरण जीवंत और प्रेरणादायक बन गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संत अमितदास महाराज ने कहा कि हिन्दू सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संगठनात्मक भाव का बोध कराने वाला माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है, तब राष्ट्र स्वतः सशक्त बनता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम उदाहरण हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने संस्कारों को जीवन में उतारते हुए समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करें। मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह राव ने अपने उद्बोधन में संघ की 100 वर्षीय यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज को दिशा देने का कार्य किया है।



## छात्राओं के कौशल विकास हेतु वितरित किए गए स्वास्थ्य देखभाल और सिलाई मशीन किट



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** रावतभाटा के राजकीय विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 10 की छात्राओं को उनके कौशल को निखारने और स्वावलंबन की ओर कदम बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य देखभाल किट एवं सिलाई मशीन किट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र दशोरा रहे। किट वितरित करते हुए दशोरा ने कहा कि वर्तमान समय में किताबी ज्ञान के साथ-साथ हुनर सीखना अत्यंत आवश्यक है। व्यावसायिक शिक्षा न केवल छात्राओं के आत्मविश्वास को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें भविष्य में आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनने में भी मदद करेगी। कार्यक्रम को विद्यालय प्रबंध समिति की सदस्य विनिता अग्रवाल व पदमा सोनी ने भी दिए जाने वाले किट के बारे में जानकारी दी। संस्था प्रधान गिरीश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विद्यालय प्रशासन छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय स्टाफ की शिल्पा गुप्ता एवं मंजू निश्चल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। छात्राओं ने इस पहल के प्रति भारी उत्साह दिखाया और किट प्राप्त कर खुशी जाहिर की। पूरा कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## रामगंजमंडी में 46वीं नगर परिक्रमा, गोवर्धननाथ के जयकारों से गूंजा शहर

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** रामगंजमंडी में गिरिराज धरण कृपा मंडल की ओर से 46वीं नगर परिक्रमा भव्य रूप से निकाली गई।



नगर परिक्रमा का शुभारंभ गोवर्धननाथ मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना और जयघोष के साथ हुआ। इस अवसर पर भक्तों ने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। नगर परिक्रमा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए और नाच-गान के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजर रहे थे। इस दौरान लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए नाश्ता और शीतल पेय की विशेष व्यवस्थाएं भी की गईं, जिससे भक्तों को राहत मिली और उत्साह और बढ़ गया। नगरवासियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ नगर परिक्रमा का स्वागत किया। परिक्रमा अपने निर्धारित मार्ग से होती हुई समापन स्थल पर पहुंची, जहां सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।

## नव वर्ष मिलन समारोह में क्षत्रिय खटीक समाज युवा विकास समिति की कार्यकारिणी का विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी (नि.स.)।** क्षत्रिय खटीक समाज युवा विकास समिति द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन समारोह में समाज संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। समारोह के दौरान संभागीय अध्यक्ष संजय सामरिया ने समिति की विस्तारित कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रभुलाल छंदक को रामगंजमंडी तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा सदस्य एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए संजय सामरिया ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सामाजिक, शैक्षणिक एवं वैचारिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रभुलाल छंदक के नेतृत्व में रामगंजमंडी क्षेत्र में संगठन की गतिविधियां और अधिक सक्रिय होंगी तथा समाजहित के कार्यों को नई गति मिलेगी। समारोह के दौरान समाज की एकता, संगठन विस्तार तथा भविष्य में आयोजित किए जाने वाले सेवा एवं जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने समाज को संगठित रखते हुए विकास की मुख्यधारा से जोडऩे पर विशेष जोर दिया।




## कुडाल क्षेत्र के गाव लाडपुरा में चल रही संगीत में श्री राम कथा एवं रूद्र महा अभिषेक प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** आयोजन में गुरुवार को कथा के पहले दिन समस्त ग्राम वासियों द्वारा भव्य कलश यात्रा भगवान चारभुजा नाथ के मंदिर से श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई आज कथा के प्रथम दिवस पर व्यास पीठ पर विराजमान परम पूज्य गुरुदेव श्री बालकृष्ण जी दुबे ने भक्ति का मार्ग बताया और कथा में बताया गया की रामायण हमें जीवन जीने का तरीका सिखाती है कैसे भाई भाई से प्रेम करें बड़ों का आधार कैसे करें एवं प्रत्येक प्राणी में ईश्वर को देखने की बात बताई इस महान शुभ बेला में समस्त ग्राम वासियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया भगवान हनुमान जी महाराज के नवनिर्मित मंदिर पर यह कथा का रसपान कराया जा रहा है सभी भक्तों से अनुरोध है अधिक से अधिक संख्या में कथा का श्रवण करने पधारे बाहर से पधारे सभी भक्तों से विशेष निवेदन है की जो भी सज्जन लाडपुरा में कथा सुनने के बाद यहां रुकना चाह उनके लिए रहने खाने और सोने की और नहाने की हर प्रकार की व्यवस्था ग्रामवासियों की तरफ से कर रखी है तो अधिक से अधिक संख्या में श्रोतागंध पधारे।

## 7 घंटे रहेगी पेयजल आपूर्ति बंद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.सं.)।** उत्पादन उपखण्ड अकेलगढ़ स्थित जलदाय विभाग के प्लांट में आवश्यक रख-रखाव कार्य, रानपुर फीडर पर 570 एचपी पंप के बियरिंग बदलने, एनआरवी वॉल्व को ठीक करने तथा 11 केवी नई लाइन पर आइसोलेटर इंस्टॉलेशन से संबंधित कार्य किए जाने के कारण 30 जनवरी, शुक्रवार को प्रात: 11 से सायं 6 बजे तक शटडाउन लिया जाना प्रस्तावित है।

# यूजीसी के 'काले कानून' के खिलाफ बूंदी में हुंकार: 3 फरवरी को होगा महा आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी में यूजीसी के नए नियमों को 'काला कानून' करार देते हुए बूंदी के स्वर्ण समाज ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को विभिन्न संगठनों की एक संयुक्त बैठक में निर्णय लिया गया कि 3 फरवरी को इस कानून के विरोध में शहर में विशाल आक्रोश रैली निकाली जाएगी। समाज के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे, तो आंदोलन उग्र होगा और आगामी चुनावों में 'वोट बहिष्कार' जैसे कड़े कदम उठाए जाएंगे।



### आजाद पार्क से कलेक्ट्रेट तक गरजेगा स्वर्ण समाज

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 3 फरवरी को आयोजित होने वाली आक्रोश रैली आजाद पार्क से प्रारंभ होगी। शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए यह रैली जिला कलेक्ट्रेट पहुंचेगी, जहां राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि तिलक, तलवार और तराजू (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य समाज) ने एक राय होकर इस कानून को जड़ से उखाडऩे का संकल्प लिया है।

### छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

बैठक को संबोधित करते हुए क्षत्रिय शिक्षा प्रचारणी समिति के अध्यक्ष महाराजा महेन्द्र सिंह और ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच ने कहा कि यह कानून कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढऩे वाले स्वर्ण समाज के छात्रों के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाला है। यह समाज के हितों पर सीधा कुठाराघात है। यदि समय रहते इसे निरस्त नहीं किया गया, तो चक्का जाम और उग्र प्रदर्शन की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### प्रमुख समाज और संगठनों की रही एकजुटता

इस महत्वपूर्ण बैठक में शहर के सभी प्रमुख समाजों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जिसमें क्षत्रिय समाज महेंद्र सिंह (अध्यक्ष, क्षत्रिय शिक्षा प्रचारणी समिति), बुन्देल सिंह राठौर (संभागीय अध्यक्ष, करणी सेना), शिवेन्द्र सिंह हाड़ा (युवा अध्यक्ष), भूपेन्द्र सिंह नरूका, विश्वेंद्र सिंह तंवर, याज्ञवेंद्र सिंह हाड़ा। ब्राह्मण समाजः मिथिलेश दाधीच जिलाध्यक्ष, विकास सनाढ्य युवा जिलाध्यक्ष, किरण शर्मा महिला अध्यक्ष, मनीष गौतम जिलाध्यक्ष, गौतम समाज, प्रमोद शर्मा अध्यक्ष, सनाढ्य देशी पंचायत, पंकज दाधीच सचिव, बार एसोसिएशन।

वैश्य एवं अन्य समाजः भगवान बिड़ला अध्यक्ष, माहेश्वरी समाज, मांगूमल टेकवानी अध्यक्ष, सिंधी समाज, संजय जैन अध्यक्ष, सकल जैन समाज, महेश जिंदल अध्यक्ष, अग्रवाल सम्मेलन, हर्षवर्धन भटनागर उपाध्यक्ष, कायस्थ समाज।

व्यापार एवं सामाजिक संगठनः निरंजन जिंदल अध्यक्ष, व्यापार महासंघ, रविन्द्र जैन काला, वीएन माहेश्वरी। इन्हीं के साथ बैठक में हिम्मत सिंह गौड़, घनश्याम दुबे, राजेन्द्र भारद्वाज, लोकेश सुखवाल, राजकुमार दाधीच, मुकेश दाधीच, पीयूष शर्मा, अशोक प्रोविजन, मनोज राजानी, प्रभात जैन, केशव त्रिवेदी और राघवेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

## कुंभा स्टेडियम में चार दिवसीय संभाग स्तरीय आरोग्य मेले का शुभारंभ 30 जनवरी से

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (नि.स.)।** बूंदी में जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 30 जनवरी से कुंभा स्टेडियम में चार दिवसीय संभागीय आरोग्य मेले का शुभारंभ होगा। मेले के दौरान जनसामान्य में आयुष चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता लाकर विशिष्ट चिकित्सा विधाओं का लाभ दिया जाएगा। आयुर्वेद विभाग की उपनिदेशक डॉ. मालती पारीक ने बताया कि मेले में आयुष की विभिन्न विधाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें प्रदेश के अग्रणी आयुष विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। मेले में विशेष क्लिनिक संचालित कर आमजन का निःशुल्क उपचार एवं औषधि वितरण किया जाएगा। मेले में पंचकर्म, क्षारसूत्र, काय-चिकित्सा, अग्निकर्म और जलौका, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, कपिंग थेरेपी, मर्म चिकित्सा, स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन, जरावस्था (वृद्धजन) देखभाल, सौंदर्य इकाई और नशामुक्ति क्लिनिक की



सुविधा मिलेगी। मेले में लोगों को निरोगी रहने के गुर भी सिखाए जाएंगे। इसके लिए राज्य स्तरीय विशेषज्ञों के व्याख्यान सत्र आयोजित होंगे। वहीं, प्रतिदिन शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। 30 जनवरी से 1 फरवरी तक भव्य सांस्कृतिक संध्या, कलात्मक योग नृत्य एवं स्वास्थ्य विषयक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने के इच्छुक आयुर्वेद विभाग से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। मेले को लेकर गुरुवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा ने तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने आयुर्वेद उपनिदेशक एवं नगर परिषद आयुक्त को व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए।

## निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य प्रगति की ओर त्रुटि पाए जा रहे फॉर्म भरने वालों के नाम नोटिस जारी हुए

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)।** निर्वाचन नामावली पुनरीक्षण कार्य के दौरान 2002/2003 की ऑनलाइन लिस्ट से स्वयं, माता, पिता, दादा, दादी किसी एक की जानकारी भरने में की गई गलती को वेरिफाई करने हेतु उन मतदाताओं को नोटिस भेजे जा रहे है जिन्होंने ऑनलाइन मिली लिस्ट के अनुसार नाम, उपनाम,पिता का नाम आदि में गलती की है जानकारी देते हुए परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी से बूथ लेवल ऑफिसर सहायक बी एल ए 2 मनीष गिरी ने बताया कि बी एल ओ द्वारा ऐसे मतदाताओं से संपर्क कर नोटिस दिया जा रहा है जिनके फॉर्म में दी गई जानकारी 2002/2003 की लिस्ट से मेल नहीं कर रही। नोटिस प्राप्त करने वाले मतदाताओं को नोटिस के पीछे लिखे डॉक्यूमेंट्स में से कोई भी 2 से 3 डॉक्यूमेंट ई आर ओ (तहसीलदार) जी के कार्यालय में नोटिस में दी गई तारीख एवं समय के अनुसार पेश करने है। उन्होंने बताया की नोटिस प्राप्त करने वाले



मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं ई सी आई नेट ई सी आई नेट की मदद से भी नोटिस में मांगे गए डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकते है, ऐसा करने वालों को ई आर ओ कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी एवं जिन मतदाताओं ने पूर्व में भरे गए फॉर्म में 2002/2003 की जानकारी नहीं दी थी और उन्हें किसी तरह से जानकारी प्राप्त हो गई है उन्हें केवल उस पेज का प्रिंट ई आर ओ कार्यालय में देने से भी उसी समय एस आई आर सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकेगा। परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी के बूथ संख्या 322,323,324,325,326 के बूथ लेवल ऑफिसर हेमराज माली, नमन वर्मा,विशंभर मीणा, हश्वर्धन सिंह, राजेश मीणा मतदाताओं से संपर्क करके मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के बाहर मतदाताओं को नोटिस पकड़ा रहे है जिसमें मनीष गिरी द्वारा कॉलोनीवासियों एवं बूथ लेवल ऑफिसर की मदद की जा रही है।

### अवैध डेयरी बूथों पर निगम सख्त

## 3 दिन में नहीं हटे तो होगी तोड़फोड़ एफआईआर और खर्च की वसूली

बढ़ता राजस्थान

कोटा (श्याम प्रसाद गौड़)। नगर निगम सीमा क्षेत्र में बिना अनुमति संचालित हो रहे अवैध डेयरी बूथों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त ओ.पी. मेहरा ने स्पष्ट चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि ऐसे सभी अवैध डेयरी बूथ संचालक तीन दिवस के भीतर स्वयं अपने बूथ हटा लें, अन्यथा नगर निगम द्वारा उन्हें हटाकर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त मेहरा ने बताया कि शहर में कई डेयरी बूथ निगम की अनुमति के बिना संचालित हो रहे हैं, जहां डेयरी उत्पादों की आड़ में पान, गुटखा, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों का अवैध व्यापार किया जा रहा है, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। ऐसे मामलों में नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। कार्रवाई के दौरान आने वाला पूरा खर्च भी संबंधित संचालकों से वसूला जाएगा। उपायुक्त (राजस्व) धीरज सोनी ने बताया कि जिन डेयरी बूथ संचालकों के पास एनओसी है, लेकिन उन्होंने आवंटित स्थान से अधिक अतिक्रमण कर रखा है।

## तानाजी नगर प्रताप बस्ती का विराट हिन्द सम्मेलन कल

### कारसेवकों व प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (श्याम गौड़)।** तानाजी नगर प्रताप बस्ती द्वारा आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन आगामी 1 फरवरी को लॉर्ड कृष्णा स्कूल, पूनम कॉलोनी में भव्य रूप से संपन्न होगा। सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। आयोजक अजय त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 10 बजे एक विशाल शोभायात्रा शिवजी चौक, गली नंबर-1 से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल तक पहुँचेगी। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व सामाजिक संगठन सहभागी होंगे। सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन महिला सदस्यों द्वारा किया गया। अध्यक्ष शरद चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर प्रातः




11 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी तथा प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। हिन्दू एकता और सामाजिक समरसता के उद्देश्य से आयोजित इस सम्मेलन में शहर के प्रबुद्धजन, समाजसेवी, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कारसेवकों एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा। संयोजक देवेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। संत-महात्माओं का सान्निध्य प्राप्त होगा तथा देशभक्ति से प्रेरित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में समरसता का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन में संरक्षक तारा सिंह, कोषाध्यक्ष अजय त्रिवेदी एवं शोभायात्रा संयोजक देवानंद बैरवा का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। वहीं आशा त्रिवेदी के नेतृत्व में महिला शक्ति द्वारा घर-घर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

### इनरव्हील क्लब कोटा नोर्थ ने तीन राजकीय विद्यालयों को बनाया 'हैप्पी स्कूल'

# डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन की आधिकारिक यात्रा में सेवा कार्यों का निरीक्षण, मेडिकल एटीएम व सर्वाइकल कैंसर मुहिम को गति देने पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.सं.)।** इनरव्हील क्लब कोटा नोर्थ द्वारा सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत तीन राजकीय विद्यालयों को 'हैप्पी स्कूल' के रूप में विकसित किया गया है। इन विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं से लेकर डिजिटल सुरक्षा और बालिका सशक्तिकरण से जुड़े कार्य पूर्ण किए गए। क्लब अध्यक्ष प्रमिला पारीक के नेतृत्व में किए गए इन सेवा कार्यों का निरीक्षण डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन बिंदु गुप्ता ने अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान किया और संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च बालिका माध्यमिक विद्यालय महावीर नगर




तृतीय, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ी में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए स्वेटर, स्टेशनरी सामग्री, टेबल-कुर्सियां, प्रार्थना बोर्ड, फर्श कार्य, लेपटॉप, डेस्कटॉप कंप्यूटर एवं सीसीटीवी कैमरे भेंट किए गए।

इस अवसर पर आयोजित साधारण सभा में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन बिंदु गुप्ता ने क्लब द्वारा वर्षभर में किए गए सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने हैप्पी स्कूल अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा सरकारी विद्यालयों में सीसीटीवी जैसी सुरक्षा व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए क्लब की प्रशंसा की। साथ ही मेडिकल एटीएम परियोजना और सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान को और अधिक गति देने का सुझाव दिया। क्लब अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने बताया कि सदस्य अपने जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ जैसे अवसरों को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाते हैं। उन्होंने बताया कि क्लब द्वारा बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण अभियान भी चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पिछले छह माह में 20 से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण किया गया है। सचिव रजनी अरोरा ने क्लब द्वारा संपादित 106 सेवा परियोजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया। एसोसिएशन काउंसिल सदस्य स्वाति गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट रिपोर्ट रखी। कार्यक्रम का संचालन मधु बाहेती ने किया। इस अवसर पर आईपीपी सरिता भूटानी, उपाध्यक्ष विजेता गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष सरोज कालिया सहित क्लब सदस्य उपस्थित रहीं।

## जिला अग्रवाल महासमिति के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का बाड़ी आगमन पर किया जोरदार स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल सभा के अध्यक्ष दिनेश गर्ग (बागथरिया) ने बागथरिया भवन पर जिला अग्रवाल महासमिति के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल ने कहा कि वह पूरे जिले की 11 इकाइयों को साथ लेकर समन्वय के साथ सामाजिक कार्यों में भागदारी निभाएंगे, सामाजिक कुरीतियों और आपसी मतभेदों को दूर करने के प्रयास करेंगे, पिछले 40 वर्षों मेरे समाज सेवा में रहे हैं, मेरा प्रयास रहेगा कि एक जाजम पर बैठकर सामाज हित में निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने यूजीसी एक्ट को लेकर कहा कि हमारा समाज सदैव वर्तमान सरकार के पक्ष में रही है, लेकिन हमेशा सवर्णों पर खासकर अग्रवालो पर कुठाराघात सरकारें करती रही हैं। जिनका सदैव शोषण हुआ है, अब सरकार को इस काले कानून को वापिस लेना चाहिए।

इस मौके पर अग्रवाल समाज के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग (एडवोकेट), पूरन गर्ग (आंगई), बालकिशन सरपंच, अग्रवाल सभा बाडी के महामंत्री विशाल गर्ग एवं उपाध्यक्ष रामकुमार गर्ग, राहुल मित्तल, मोहन सर्राफ, डॉ राजेश मित्तल, पंकज गर्ग, हरिओम गर्ग, विष्णु सिंघल (सनौरा), हरिओम गर्ग, धीरज गर्ग, सुनील गर्ग (बबलू), आकाश गर्ग, कार्तिक गर्ग अन्य अग्रबंधु उपस्थित रहे।

## सैनिक कल्याण बोर्ड में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर वीर परिवार सहायता योजना के तहत सैनिक कल्याण बोर्ड, गोवर्धन गेट में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल माधवेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित भूतपूर्व सैनिकों को उनसे संबंधित जानकारी, कानूनी संबंधी, निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, लोक उपयोगिता सेवाएं जैसे-वायु, सड़क, जल, परिवहन, डाक, टेलीफोन, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, अस्पताल, बीमा, बैंक, आवास, पेट्रोल, शिक्षा एवं भू-संपदा सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु जिला स्तर पर स्थायी लोक अदालतों का गठन किया गया है। आमजन की लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का सौंहाद्रपूर्ण तरीके से शीघ्र निस्तारण किया जा सके आदि के बारे में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में असिस्टेंट, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल मृगराज मनहर द्वारा वीर परिवार योजना के तहत सैनिकों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# हाथोड़ी गांव की ऐतिहासिक बावड़ी के नवीनीकरण का हुआ शिलान्यास, 3 करोड़ 30 लाख रुपये होंगे व्यय

### भारत सरकार के अवसंरचना वित्त निगम के सहयोग से समृद्ध ग्राम्य अभियान करेगा कार्य

## जीर्णोद्धार के पश्चात जल संरक्षण की मिसाल बनेगी बावड़ी -श्रीवास्तव



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** वैर तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक गांव हाथोड़ी स्थित प्राचीन बावड़ी के नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास गुरुवार को विधिविधान एवं पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। शिलान्यास भारत सरकार के अवसंरचना वित्त निगम (आईआईएफसीएल) के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन का कार्य समृद्ध ग्राम्य अभियान सोसाइटी द्वारा आईआईएफसीएल के सहयोग से लगभग 3 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक पलाश श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की प्राचीन जल संरचनाएंकृजैसे बावड़ियां, तालाब एवं कुएंकृहमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ जीवन तंत्र का अभिन्न हिस्सा रही हैं। समय के साथ इन संरचनाओं की उपेक्षा होने लगी, जिसके कारण वे अपनी उपयोगिता समाप्त होती चली गईं। वर्तमान समय में अनियमित वर्षा, गिरते भूजल स्तर और बढ़ते जल संकट ने इन ऐतिहासिक जल संरचनाओं की महत्ता को एक बार फिर उजागर कर दिया है।

इस अवसर पर वैर पंचायत समिति के विकास अधिकारी सुरेश सैनी ने कहा कि जीर्णोद्धार के बाद यह बावड़ी क्षेत्र में जल संरक्षण का आदर्श उदाहरण बनेगी। इससे गांव के पशुपालकों, पशुधन एवं ग्रामीणों को नियमित रूप से जल उपलब्ध होगा तथा ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि बावड़ी के संरक्षण एवं रख-रखाव में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समृद्ध ग्राम्य अभियान के अध्यक्ष सीताराम गुप्ता ने कहा कि लगभग 300 लाख वर्ष पुरानी इस ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार हेतु आईआईएफसीएल द्वारा पर्याप्त वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। परियोजना के अंतर्गत बावड़ी की संरचनात्मक मरम्मत, जल स्रोतों की सफाई, दीवारों एवं सीढ़ियों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के प्रशासक फत्ते सिंह ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस बावड़ी के पुनर्जीवन से ग्रामीणों को मीठे पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और गांव की एक ऐतिहासिक पहचान को नया जीवन मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सीडीपीओ महेंद्र अवस्थी ने किया। समारोह में आईआईएफसीएल के सीएसआर विभाग के एचओडी सुबोध शर्मा, सहायक प्रबंध निदेशक अमित कुमार, विद्युत विभाग के पूर्व अधीक्षण अभियंता हेमराज गोयल, संस्था के स्टेट हेड पुनीत गुप्ता, अनिल गर्ग, विष्णु मित्तल, पूर्व जिला प्रमुख द्वारिका प्रसाद गोयल, कृषि उपज मंडी के पूर्व चेयरमैन महेंद्र जाटव, पूर्व सरपंच कुबेर सिंह, शेर सिंह धरसोनी, वैर के मन्नू महंत, किसान नेता इन्दल सिंह जाट सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं आसपास के गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# यूजीसी के नए कानून को लेकर विरोध हुआ तेज, शहर में युवाओ ने निकाला जुलूस

### एसडीएम कार्यालय पर जमकर किया प्रदर्शन, काले कानून को वापस लेने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** केंद्र सरकार के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 13 जनवरी 2026 को लाये गए नए कानून का विरोध अब बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को शहर में सवर्ण समाज के सैकड़ो युवाओं द्वारा बाजार में जुलूस निकाला गया और एसडीएम कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में सरकार से मांग की है कि यदि यूजीसी के इस काले कानून को तुरंत वापस नहीं लिया गया तो सवर्ण समाज अपने प्रतिष्ठानों और बाजार को बंद कर सड़कों पर उतर आएगा।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 13 जनवरी को उच्च शिक्षा में विशेष कर एससी,एसटी और ओबीसी वर्ग के छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए यह नया कानून लाया गया है इस कानून के विरोध में अब सवर्ण समाज सड़कों पर दिखाई दे रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्कलिटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026 के संदर्भ में आया यह यूजीसी कानून काला कानून बताया जा रहा है।

इस कानून के प्रावधान व्यवहार में सामाजिक न्याय की मूल भावना को कमजोर करते हुए पक्षपात को बढ़ावा देंगे। उच्च शिक्षा संस्थानों में समरसता,निष्पक्षता,समान अवसर का वातावरण बनाए रखना जरूरी है। यह बिल वातावरण को पक्षपात पूर्ण बना देगा। जनरल वर्ग के छात्रों पर झूठे मुकदमे दर्ज होंगे,बच्चे मानसिक तनाव में आएंगे और असमानता बढ़ेगी। ऐसे में इस काले कानून को वापस लिया जाना अत्यंत आवश्यक है।



विरोध प्रदर्शन के दौरान अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दिनेश गर्ग,पप्पू भूत,ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पवन चंसौरिया के साथ भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक विष्णु सिंगल,पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग,यूथ कांग्रेस के आर्यन राय, विद्यार्थी परिषद के ऋषभ शर्मा, समाजसेवी सचिन दीक्षित, ने इस काले कानून को तुरंत वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि इस पर कार्रवाई नहीं हुई, कानून वापस नहीं लिया गया तो सवर्ण समाज सड़कों पर उतर आएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान आदित्य भारद्वाज, एडवोकेट भगवान सिंह गुर्जर, विजय दीक्षित,वीरेंद्र शर्मा, राकेश दीक्षित, जितेंद्र समाधिया, भूरा परमार, विश्मभर परमार, जितेंद्र चौहान, शशि कुलश्रेष्ठ के साथ सैकड़ो युवा मौजूद रहे।

## एसएचजी महिलाओं को उद्यमी बनाने की पहल 3 दिवसीय प्रशिक्षण समापन पर स्टार्ट अप किट वितरण

### जेके टायर एवं मंजरी फाउंडेशन के द्वारा महिलाओं के उद्यमिता विकास कार्यक्रम का सफल आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** महिला सशक्तिकरण की क्रांतिकारी दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए, स्वयं सहायता समूह की 20 महिलाओं को जे के टायर और मंजरी फाउंडेशन के द्वारा मुरैना मे संचालित उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत सशक्त उद्यमी बनाने की अभिनव पहल के तहत आज 3 दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य समापन हुआ। इस ऐतिहासिक अवसर पर स्टार्ट अप किट का वितरण किया गया, जो महिलाओं को आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। यह प्रशिक्षण में कुल 20 उत्साही महिलाओं ने भाग लिया, जहां उन्हें उद्यमिता के मूलभूत सिद्धांतों से लेकर उन्नत व्यवसाय प्रबंधन, प्रभावी विपणन रणनीतियां, डिजिटल मार्केटिंग और वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रमुख विशेषज्ञों द्वारा गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को छोटे-बड़े व्यवसायों जैसे सिलाई, हैंडीक्राफ्ट, पार्लर आदि स्टार्टअप उद्यमों में सशक्त बनाना था, जो न केवल उनकी आर्थिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करेगा बल्कि समाज में लैंगिक समानता को मजबूत करेगा। जे के टायर के वेलफेयर ऑफिसर विष्णु बांदिल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा, यह पहल महिलाओं की अपार क्षमता को उजागर करने का एक सुनहरा अवसर है। जे के टायर के माध्यम से हम न केवल हजारों महिलाओं को उद्यमी बनाएंगे, बल्कि एक समृद्ध और समावेशी भारत का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री की श्आत्मनिर्भर भारतश् दृष्टि को साकार करने में यह कदम महत्वपूर्ण योगदान देगा। प्रशिक्षण के सफल समापन पर सभी प्रतिभागियों को विशेष रूप से तैयार की गई रोजगार किट वितरित की गई, जिसमें आधुनिक सिलाई मशीनें, उच्च गुणवत्ता वाला कच्चा माल, डिजिटल विपणन उपकरण, ब्रांडिंग सामग्री और एक विस्तृत स्टार्टअप गाइड शामिल थे। जे के टायर के एच आर मैनेजर शैलेश दुबे ने कहा कि यह किट महिलाओं को तत्काल अपना व्यवसाय शुरू करने और बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पूर्णतः सक्षम बनाएगी।

# आईजी कैलाश चंद्र बिश्नोई धौलपुर पहुंचे : एसपी कार्यालय का गहन निरीक्षण कर दिए निर्देश, पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भरतपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) कैलाश चंद्र बिश्नोई गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर धौलपुर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर पहुंचने पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सागवान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे। आईजी बिश्नोई ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने फोर्स ब्रांच, रिकॉर्ड रूम सहित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया और उनकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद कर लंबित प्रकरणों, स्टाफ की स्थिति, संसाधनों के उपयोग तथा दैनिक कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान आईजी ने पुलिसकर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति, अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण, जनसुनवाई की प्रभावशीलता और आमजन के साथ पुलिस के व्यवहार पर विस्तृत फीडबैक भी लिया।



आईजी बिश्नोई ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम नागरिकों के साथ संवेदनशीलता और शालीनता से व्यवहार करें। उन्होंने पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया। बिश्नोई ने कहा कि समयबद्ध कार्रवाई, बेहतर आपसी समन्वय और जिम्मेदारी से कार्य करने पर ही जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी। निरीक्षण के बाद, आईजी ने पुलिस अधीक्षक विकास सागवान और उनकी टीम के कार्यों की सराहना की। उन्होंने भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की अपेक्षा भी जताई। इस अवसर पर, भरतपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस द्वारा धौलपुर जिले के चयनित नीरज शर्मा बाड़ी पुलिसकर्मियों को डीजीपी डिस्क और सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## मुम्बई की एसीई बुक ऑफ रिकॉर्ड में शामिल हुए अजय गर्ग का संग्रह

### समर्पण, अनुशासन और शोध से बना अजय गर्ग का डाक टिकट संग्रह

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** देश के प्रतिष्ठित डाक टिकट व मुद्रा संग्रहकर्ता अजय गर्ग कंपनी परिवार का नाम मुंबई की एसीई बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज होना केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि उनके वर्षों के अनुशासित परिश्रम, गहन अध्ययन और फिलेटली के प्रति अटूट समर्पण की पहचान है। अजय गर्ग का संग्रह केवल शौक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित शोध प्रक्रिया है। वे प्रत्येक डाक टिकट को प्राप्त करने से पहले उसके इतिहास, जारी होने का वर्ष, पृष्ठभूमि, प्रिंटिंग तकनीक, दुर्लभता और वर्तमान प्रामाणिकता का गहन अध्ययन करते हैं। किसी भी टिकट को संग्रह में शामिल करने से पहले वे उसकी वास्तविकता की पुष्टि विशेषज्ञों और विश्वसनीय कैटलॉग के माध्यम से करते हैं। गर्ग देश-विदेश की डाक नीलामियों, फिलेटली प्रदर्शनियों, डाक विभाग के विशेष काउंटरों, निजी संग्रहकर्ताओं तथा अंतरराष्ट्रीय विनिमय के माध्यम से टिकट प्राप्त करते हैं। वे अन्य संग्रहकर्ताओं से नियमित संवाद बनाए रखते हैं और कई बार वर्षों की प्रतीक्षा के बाद कोई दुर्लभ टिकट अपने संग्रह में जोड़ते हैं।



**संरक्षण की विशेष पद्धति**-अजय गर्ग अपने संग्रह के संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हैं। सभी टिकटों को एसिड-फ्री एल्बम, नियंत्रित तापमान और नमी में सुरक्षित रखा जाता है। हर टिकट के साथ उसका विवरण, ऐतिहासिक संदर्भ और प्राप्ति का स्रोत भी व्यवस्थित रूप से दर्ज किया जाता है, जिससे यह संग्रह आने वाले समय में शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बन सके।

# मधुमक्खी पालक किसानों ने जिला कलक्टर के समक्ष खुलकर बताई समस्याऐं

### भरतपुर के शहद की शुद्धता, गुणवत्ता, उपलब्धता एवं कीमत की बने देशभर में पहचान - जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** शहद की गुणवत्ता एवं शुद्धता में भरतपुर के मधुमक्खी पालकों का मुकाबला कोई नहीं कर सकता साहब...। लेकिन हमारा शहद सरसों के फूलों से बना है जो सर्दियों में जम जाता है। लोगों में भ्रांति है कि जमने वाला शहद मिलावटी होता है, हमें भरतपुर के शहद की विशेषताओं को बताने एवं क्रेताओं तक पहुंच बनाने के लिए सरकार से सहयोग की जरूरत है तभी हम रोजगार कर पायेगें। पंच गौरव योजना के तहत गुरूवार को कृषि सभागार में आयोजित जिले के मधुमक्खी पालकों की एक दिवसीय कार्यशाला में ये विचार जिला कलक्टर कमर चौधरी के समक्ष जिले के मधुमक्खी पालकों ने रखे। जिला कलक्टर के समक्ष मधुमक्खी पालकों ने अपनी समस्याओं को खुलेमन से रखकर शहद प्रोसेसिंग एवं विक्रय के समय आ रही परेशानियों, निजी कम्पनियों द्वारा किये जा रहे एकाधिकार, गर्मियों के मौसम में ठंडे प्रदेशों में कॉलोनियों को शिफ्ट करने में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। मधुमक्खी पालक किसानों से उत्पादित शहद की लैब टेस्टिंग से लेकर विपणन के समय की जाने वाली गतिविधियों के लिए भरतपुर के शहद को किस प्रकार दुनियाभर में अलग पहचान बनाई जाये इसके लिए मधुमक्खी पालकों ने सुझाव भी दिये।

### समूह एवं सहकारी सिद्धांत से बढ़ें आगे- जिला कलक्टर

कार्यशाला में जिलेभर से आये मधुमक्खी पालकों को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर कमर चौधरी ने कहा कि भरतपुर के शहद को शुद्धता एवं गुणवत्ता के लिए जाना जाता है हमें यह पहचान देशभर में बनाने की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी पालक किसान एक समूह बनाकर एफपीओ के माध्यम से अथवा सहकारिता विभाग से जुड़कर लैब, प्रोसेसिंग एवं विपणन के लिए सामुहिक रूप से प्रयास करें। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट में मधुमक्खी पालन के लिए उत्कृष्टता केन्द्र की घोषणा की थी जिसमें लैब, प्रोसेसिंग एवं प्रशिक्षण की उन्नत व्यवस्था रहेगी।

### प्रमोशन फिल्म बनेगी-

जिला कलक्टर ने कहा कि भरतपुर के शहद की विशेषताओं को देश दुनिया में पहुंचाने के लिए पंच गौरव योजना में प्रमोशन फिल्म बनवाई जायेगी जिससे यहां के मधुमक्खी पालकों के द्वारा उत्पादित शहद की जानकारी देशभर के लोगों तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जिले के मधुमक्खी पालक किसान यदि




समूह बनाकर प्रोसंसिंग के लिए यूनिट लगाना चाहेंगे तो उन्हें जिला प्रशासन द्वारा सक्रियता से सहयोग किया जायेगा तथा उद्यमिता योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि भरतपुर के शहद उत्पादक किसानों की इमानदारी, मेहनत एवं पहचान देश-दुनिया तक पहुंचे इसके लिए विपणन के नये क्षेत्र तलाश कर प्रचार प्रसार किया जायेगा। उन्होंने कृषि विशेषज्ञों, ऐपियोलोजिस्ट व शहद उत्पादकों के टेस्टिमॉनियल तैयार करवाकर सोशल मीडिया एवं इंटरनेट के माध्यम से आमजन तक पहुचाने के प्रयास मिलकर करने का सुझाव दिया। जिला कलक्टर ने युवा मधुमक्खी पालकों से संवाद करते हुए कहा कि युवा नई सोच के साथ आगे आयें, हिम्मत के आगे जीत निश्चित है। उन्होंने युवाओं को उननत प्रशिक्षण एवं प्लानिंग बनाकर सामूहिक रूप से भरतपुर के शहद को पहचान दिलाने के लिए कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक कृषि राधेश्याम मीना, उप निदेशक भम्भलसिंह, उप निदेशक सांख्यिकी रामकल्याण मीना सहित जिले के कृषि अधिकारी, विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## फूड व्यापार मंडल ने सफ़ाई ऑटो टिपर चार्ज हटाने की माँग उठाई



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा फूड एवं होटल व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा सफाई के नाम पर वसूले जा रहे ऑटो टिपर चार्ज को हटाने की माँग उठाई है। भीलवाड़ा फूड व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण व्यास के नेतृत्व में व्यापारियों ने इस संबंध में नगर निगम महापौर को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के सचिव संदीप तोतला सहित मुकेश जैन, मनोज लोढ़ा, राम बाबू गगड़, चिमनलाल व अन्य व्यापारियों ने बताया कि फूड एवं होटल व्यवसाय लंबे समय से मंदी और बढ़ती महंगाई की मार झेल रहा है। बिजली, गैस, पानी, सफ़ाई शुल्क, कर्मचारियों का वेतन और विभिन्न सरकारी करों के कारण व्यापारियों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ बढ़ गया है। इसका परिणाम यह है कि लगातार होटल और रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं, जिससे व्यापारी एवं कर्मचारी बेरोजगार हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण व्यास ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारी कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं। ऐसे समय में सरकार और नगर निगम का दायित्व है कि व्यापारियों को राहत प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि व्यापारी पहले से ही लाइट बिल के साथ विभिन्न करों के रूप में शुल्क अदा कर रहे हैं, ऐसे में अतिरिक्त ऑटो टिपर चार्ज देना संभव नहीं है। इस मांग पर महापौर राकेश पाठक ने संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर सफ़ाई ऑटो टिपर चार्ज को कम करने का ससम्मान आश्वासन दिया, जिससे व्यापारियों को राहत मिली। इस अवसर पर पार्षद हेमंत शर्मा, ओम साईं राम और अशोक खंडेलवाल का सहयोग सराहनीय रहा। मौके पर संगठन के पदाधिकारी राजकुमार दरियानी, देवेंद्र शर्मा, मनोज रामावत, अभिषेक जैन, हर्षद कौशिक, आशीष कसारा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## सोनी व गोयल का किया अभिनंदन

बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा (नि.स.)।** इंटरनेशनल फेसबुक फ्रेंड्स अवार्ड एंड सेमिनार की ओर से'पोलिटिकल टाइम्स इंडिया' कार्यालय पर सर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुष्कर सोनी,समाजसेवी महेश गोयल का अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय संयोजक डॉ शोकीन वर्मा के अनुसार साधु मार्गी जैन संघ के प्रवक्ता दिलीप बक्शी एवं प्रॉपर्टी व्यवसायी संजय शर्मा के सानिध्य में समाजसेवी संदीप नागोरी, जावेद खान, सुरेश वैष्णव,आमिर खान,भागीरथ वैष्णव आदि उपस्थित जनों ने गणतंत्र दिवस पर उपखंड प्रशासन द्वारा सम्मानित सर्व व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुष्कर सोनी, समाजसेवी महेश गोयल को फूल माला व राष्ट्रीय तिरंगा पटका गले में धारण करा कर अभिनंदन किया गया। प्रारंभ में सोनी व गोयल के हाथों समारोह अतिथि बक्शी और शर्मा का तिरंगा पटका पहना कर स्वागत किया गया। अंत में आभार की रस्म सलमान, अनिल धाकड़ ने निभाई।

## केंद्र सरकार मनरेगा को समाप्त कर कमजोर वर्ग के हितों पर कर रही कुठाराघातः राजीव चौधरी



बढ़ता राजस्थान

**डीग (नि.स.)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर देशभर में चल रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत गुरुवार को डीग जिले के कस्बा जनूथर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर धर्मशाला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खोह-जनूथर की ओर से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा की अध्यक्षता में एक चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में उपस्थित कस्बा वासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजीव चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के नेतृत्व में आम आदमी को रोजगार की गारंटी देने के उद्देश्य से मनरेगा जैसी ऐतिहासिक योजना की शुरुआत की गई। उन्होंने कहा कि इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़े और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। लेकिन मोदी सरकार मनरेगा को समाप्त कर कमजोर वर्ग के हितों पर कुठाराघात कर रही है। इस अवसर पर एसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष श्रीराम चूल्हेरा, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्वेता यादव, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अशोक कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष सुगड़ सिंह, जिला महासचिव नंदकिशोर फौजदार, प्रदेश सचिव सुरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष बच्चू जाटव, पबनेसिंह जाटव, गिर्राज प्रसाद आदि कार्यकर्ता और कस्बे वासी मौजूद थे।

## मौत का सामान बेच रहे 'गैस माफिया', प्रशासन की चुप्पी से बड़े हादसे का अंदेशा

बढ़ता राजस्थान

**अनूपगढ़ (डी एल सारस्वत)।** शहर में इन दिनों सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर जगह-जगह अवैध रूप से गाडियों में एंव छोटे छोटे सिलेंडरों में घरेलू गैस रिफिलिंग का काला धंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजारों के बीचों-बीच एवं सुरतगढ़ रोड़ पर चल रहा यह कारोबार किसी बड़े अग्निकांड को खुला निमंत्रण दे रहा है, लेकिन संबंधित विभागीय अधिकारी इस गंभीर खतरे से आंखें मूंदकर बैठे हैं। सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर हो रहे इस अवैध धंधे से शहर के लोगों में भय का माहौल है। रिहायशी इलाकों और मुख्य बाजारों में चल रहा यह कारोबार कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। वहीं स्थानीय निवासियों और नगर अध्यक्ष बबलू सोनी का कहना है कि इस अवैध गतिविधि की जानकारी प्रशासन और संबंधित विभागों को है, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों ने प्रशासन की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि क्या उन्हें किसी बड़े हादसे का इंतजार है? सोनी ने बताया कि 7 से 8 वर्ष पहले भी शहर में सिलेंडर की घटना घटित हुई थी जिसमें भी जान माल का नुकसान हुआ था। घनी आबादी वाले क्षेत्रों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा है। एक छोटी सी चिंगारी भी पूरे इलाके को राख में तब्दील कर सकती है।



# न्यायालय परिसर के बाहर लड़का और लड़की पक्ष में जम कर चले लात घूंसे, लड़की पक्ष के लोगों ने वैन के तोड़े शीशे

## पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों को शांति भंग में किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**डीग (नि.स.)।** डीग न्यायालय परिसर के बाहर गुरुवार की दोपहर दो पक्षों में हुई मारपीट के बाद,एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की वैन के सीसे तोड़े जाने से हडक़ंप मच गया। झगडे की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों के 7 लोगों को शांति भंग में अपनी हिरासत में ले लिया है। बताया जाता है कि कुम्हेर निवासी चंद्रमोहन रावत के पुत्र और परिजन और डीग के गांव खेड़ा ब्राह्मण निवासी मुरारी लाल ब्राह्मण परिवार की लडक़ी के बीच बर्ष 2024 से चल रहे दहेज प्रताडऩा के मुक़दमे को लेकर गुरुवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे दोनों पक्ष डीग न्यायालय में आए थे। न्यायालय परिसर के बाहर दोनों पक्षों के लोगो के बीच वाद विवाद के बाद दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। और जमकर लात घूंसे चले । इस दौरान लडक़ी पक्ष के लोगों ने लडक़े पक्ष की वैन पर हमला कर उसके सीसे तोड़ दिए। देखते देखते वहां भीड़ जमा हो गई। झगडे की सूचना पर थाना कोतवाली से एस आई मंगतू राम के नेतृत्व में पहुंचे पुलिस दल ने पहले दोनों पक्षों को समझा कर झगड़े पर को पाने की कोशिश की। लेकिन जब वह पुलिस की मौजूदगी में मारपीट करने लगे तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए लडक़ा पक्ष से चंद्र मोहन रावत पुत्र मोहनलाल रावत, यश रावत पुत्र चंद्र मोहन रावत , रीना रावत पत्नी चंद्र मोहन रावत निवासी कुम्हेर तथा लडक़ी पक्ष से मुरारी लाल पुत्र नारायण , राजेश पुत्र गोपाल प्रसाद, बंसी पुत्र दिगंबर ब्राह्मण व गायत्री पुत्र चंद्र मोहन निवासी खेड़ा ब्राह्मण को शांति भंग के आरोप में अपनी हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही पुलिस ने झगड़े में क्षतिग्रस्त हुई एक मारुति वैन और एक बाइक को भी कब्जे में लिया है।

# खेत से खलिहान तक उम्मीद की रोशनी : ग्राम-2026 शिविरों से ग्रामीण उत्थान को नई गति

### गिरदावर वृत्त स्तर पर विशेष शिविर, किसानों-पशुपालकों को योजनाओं का त्वरित व सीधा लाभ

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर ( अनिल सिखवाल ) ।ब्यावर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोडक़र त्वरित लाभ पहुंचाने की दिशा में राजस्थान सरकार का ग्राम-2026 अभियान एक प्रभावी पहल के रूप में सामने आ रहा है। गिरदावर वृत्त ( आईएलआर ) स्तर पर आयोजित विशेष ग्राम उत्थान शिविरों से किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को सीधा लाभ मिल रहा है। अभियान के पहले चरण के तीन दिनों में ही उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज की गई है। अब तक आयोजित 16 शिविरों में 15 हजार 278 से अधिक ग्रामीणों ने भाग लिया, जिनमें 151 जनप्रतिनिधि एवं 426 अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविरों में 4,048 कृषकों को फसल बीमा की जानकारी दी गई, 1,255 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए, 297 किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदन तैयार किए गए तथा 388 पशुपालकों का मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना में पंजीकरण किया गया। इसके साथ ही 3,069 पशुओं का प्राथमिक उपचार, 6,471 ग्रामीणों को वीबी-ग्राम-जी योजना का प्रचार-प्रसार तथा दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत 1,499 सर्वेक्षण पूर्ण किए गए। सहकारिता, कृषि, पशुपालन, डेयरी, ऊर्जा एवं अन्य विभागों के माध्यम सेसौर पंप,पॉलीहाउस,गोदाम निर्माण,डेयरी समितियों में सदस्यता सहित विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन तैयार कराए गए।




**उन्नत तकनीक और नवाचार पर जोर**

अभियान के तहत कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों मेंउन्नत तकनीकों का प्रदर्शन,नवाचारों को बढ़ावा, तथाकृषि उद्यमियों और शोधकर्ताओं के बीचज्ञान का आदान-प्रदान किया जा रहा है, जिससेग्राम-2026 अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

**आयोजन स्थल एवं समय**

ये शिविर प्रत्येकगिरदावर वृत्त परप्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक ग्राम पंचायत भवन / भारत निर्माण अटल सेवा केंद्र पर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला कलक्टरश्री कमल राम मीणा ने जिले के समस्त कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में भाग लेकर सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं।

## कौशल से सशक्त भविष्य की ओर कदमः कोटड़ा कोटड़ा विद्यालय में विद्यार्थियों को मिली रोजगार की राह



बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटड़ा में गुरुवार को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कौशल विकास सामग्री किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार प्रजापति ने की। मुख्य अतिथि प्रशासक प्रवीण सिंह रहे, जबकि अतिथि के रूप में ऋषि दाधीच (पर्यवेक्षक एवं समन्वयक, समग्र शिक्षा जयपुर) उपस्थित रहे। मंच संचालन श्री हेमराज द्वारा किया गया प्रधानाचार्य प्रजापति ने बताया कि कक्षा 10 में व्यावसायिक शिक्षा इलेक्ट्रिकल एंड हार्डवेयर विषय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को यह सामग्री किट वितरित की गई, जो दैनिक जीवन, रोजगार एवं अनिवार्य कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसी क्रम में यह किट छात्रों के कौशल विकास में सहायक सिद्ध होगी मुख्य अतिथि प्रशासक प्रवीण सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को इस योजना का अधिकतम लाभ उठाकर कार्य कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कौशल मित्र महादेव ऊ, उपप्रधानाचार्य अनिल शर्मा, कौशल मित्र शिवराम, गजराज सिंह, गौरव सिंह शर्मा, मनीष व्यास, डॉ. सुषमा केडिया, मोना काठात, भैरु राम बुनकर, दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## हरिशेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने दादू दयाल गौशाला समिति को सौंपा10,43,800 का चेक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)।** दिनांक 29 जनवरी 2026 गुरुवार को गौरक्षा अभियान के लिए वाहन व्यवस्था हेतु हरिशेवा उदासीन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन द्वारा 10,43,800/- (दस लाख तैंतालीस हजार आठ सौ रुपये) का चेक जयपुर से आए श्री दादू दयाल संस्था के सचिव भानु प्रताप को सौंपा गया। यह चेक हरिशेवा धर्मशाला की ओर से प्रदान किया गया। दिनांक 30 दिसंबर 2025 को महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के जन्मोत्सव के अवसर पर आश्रम में आयोजित महंत स्वामी प्रकाश दास महाराज की अध्यक्षता में हुए गौसम्मान आह्वान अभियान सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण घोषणा की गई। इस अवसर पर स्वामी हंसराम जी महाराज ने भारतवर्ष में गौरक्षा अभियान को सशक्त करने हेतु एक वाहन उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। स्वामी जी ने बताया कि यह वाहन गौसेवा, गौरक्षा एवं इसी के प्रचार-प्रसार कार्यों में उपयोग किया जाएगा, जिससे देशभर में अभियान को नई गति मिलेगी। इसके साथ ही ड्राइवर एवं वाहन संचालन (तेल आदि) के लिए अलग से ?5 लाख का चेक भी शीघ्र प्रदान किया जाएगा, जिससे अभियान निरंतर और सुचारु रूप से चलता रहे। इस अवसर पर आश्रम के संत मयाराम, संत गोविन्दराम, ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल, सिद्धार्थ, मिहिर, सचिव हेमंत वच्छानी, हीरालाल गुरनानी, पुरुषोत्तम परियानी, हेमनदास भोजवानी, सनातन सेवा समिति के सुरेश गोयल, रमेश मूंदड़ा, सुनील जागटिया, बाबूलाल टाक, गजेंद्र सिंह राठौड़, दिनेश सुथार सहित अनेक भक्त उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित संतों, सेवाभावी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने इस सेवा भाव का स्वागत करते हुए इसे गौसेवा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पहल बताया।

# मांडल में आयोजित हुआ मेगा विधिक सेवा शिविर, आमजन को मिली कानूनी व योजनागत जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,(अमित शर्मा)** ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भीलवाड़ा के तत्वावधान में बुधवार को पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मांडल में मेगा विधिक सेवा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आमजन को कानूनी अधिकारों, महिला एवं बाल संरक्षण तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अभय जैन, जिला कलेक्टर जसवंत सिंह संधु, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र यादव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विशाल भार्गव, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हिमांशु गर्ग, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजना अग्रवाल, उपखंड अधिकारी संजना जोशी सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कानूनी जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिला एवं बाल अधिकारों के संरक्षण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन तथा सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजन को सरकारी योजनाओं के लाभ प्रदान किए गए तथा निःशुल्क कानूनी सहायता एवं परामर्श संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपखंड अधिकारी संजना जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। राष्ट्रगान के साथ शिविर का समापन हुआ।




**राजस्थान में न्यायिक इतिहास रचाः एक ही दिन में ट्रायल पूरा कर चोरों को 3-3 वर्ष का कठोर कारावास**

# पावटा न्यायालय में त्वरित न्याय की मिसाल, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अपराधियों में मचा हडक़ंप

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (नि.स.)।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के पावटा न्यायालय में न्यायिक प्रक्रिया की अभूतपूर्व मिसाल सामने आई है। न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. अजय कुमार बिश्नोई ने चोरी के एक प्रकरण में आरोप पत्र प्रस्तुत होने के दिन ही संपूर्ण ट्रायल पूर्ण करते हुए अभियुक्तों को 03-03 वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक पर ?20,000 जुर्माने की सजा सुनाई। यह राजस्थान का पहला मामला माना जा रहा है, जिसमें एक ही दिन में विचारण पूर्ण कर दोषियों को सजा सुनाई गई। घटना का जिक्र करते हुए अभियोजन अधिकारी डॉ. पंकज यादव ने बताया कि 06 जनवरी 2026 को परिवादी विक्रम सिंह पुत्र उम्मेद सिंह, श्योपाल सैनी, ईश्वर सैनी एवं अंकित सिंघल ने पुलिस थाना प्रागपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के अनुसार 05 जनवरी 2026 की मध्यरात्रि को अज्ञात चोरों ने प्रागपुरा बड़ी पुलिया के पास नारायणपुर मोड़ पर स्थित हरिओम जनरल स्टोर, श्री श्याम मिष्ठान भंडार, एम.एस. मोबाइल सेंटर और मानवी हेल्थ केयर के शटरों के ताले तोडक़र दुकानों में रखी नगदी चोरी कर ली। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस थाना प्रागपुरा ने त्वरित जांच करते हुए 27 जनवरी 2026 को अभियुक्तगण विजयपाल पुत्र ओमप्रकाश, निवासी गण्डाला, कपिल पुत्र जयसिंह, निवासी गण्डाला और राजेश पुत्र हरिराम, निवासी फतेहपुरा (तीनों थाना नीमराणा क्षेत्र) को गिरफ्तार किया। इसके पश्चात 29 जनवरी 2026 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के पीठासीन अधिकारी डॉ. अजय कुमार बिश्नोई ने आरोप पत्र प्रस्तुत होते ही त्वरित सुनवाई करते हुए अभियोजन पक्ष के 07 साक्षियों के बयान तथा 50 दस्तावेजों को प्रदर्शित कर विचारण पूर्ण किया और उसी दिन दोष सिद्ध मानते हुए अभियुक्तों को कठोर कारावास की सजा सुनाई। न्यायालय की इस कार्यवाही को लेकर अधिवक्ताओं और आमजन में चर्चा है कि यह फैसला बताता है कि यदि जांच, अभियोजन और न्यायालय समन्वय से कार्य करें, तो न्याय में देरी नहीं बल्कि न्याय की गति संभव है। उल्लेखनीय है कि नव नियुक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रवि शर्मा द्वारा चोरी, लूट एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में शीघ्र निर्णय सुनिश्चित करने हेतु समस्त न्यायिक अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। पावटा न्यायालय का यह निर्णय उन्हीं निर्देशों की प्रभावी परिणति के रूप में देखा जा रहा है। इस ऐतिहासिक फैसले के बाद कोटपूतली-बहरोड़ जिले में सक्रिय चोर गिरोहों में भय का माहौल है, वहीं आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।



## राजस्थान विधानसभा

# भाजपा विधायक ने राहुल गांधी को पप्पू कहा, कांग्रेस का हंगामा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान ब्यावर से भाजपा विधायक शंकर सिंह रावत ने राहुल गांधी के लिए पप्पू शब्द का इस्तेमाल किया। इस पर कांग्रेस विधायकों ने हंगामा और नारेबाजी की। शंकर सिंह रावत ने कहा- राहुल गांधी विदेश में जाकर देश की बुराई करते हैं। कांग्रेस नेता ध्यान दें वो अब पप्पू नहीं रहे। आपको उसकी सगाई करनी चाहिए, उसके हाथ पीले करने हैं। हमारा समय खराब नहीं करें। इस पर सभापति ने रावत को उचित शब्दों का प्रयोग करने की सलाह दी। मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि हमारे शंकर सिंह गलत कहा बोल रहे हैं। आप गूगल सर्च करोगे तो वही बात आएगी जो शंकर सिंह बता रहे हैं। इसके थोड़ी देर बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई।

### पूर्व सीएम ने 25 करोड़ का घोटाला किया

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान भाजपा विधायक अतुल भंसाली ने भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। भंसाली ने कहा कि कांग्रेस राज में खूब भ्रष्टाचार हुआ। हमारी सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का वादा किया था, जिसे पूरा किया। सरकार ने पेपरलीक के आरोपियों को जेल भेजा। पूर्व सरकार के घोटाले खुल रहे हैं, मंत्री खुद जेल में है। मेरे खुद के जोधपुर शहर में आरयूआईडीपी के काम में 25 करोड़ का घोटाला पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कर लिया। इससे बड़ी शर्मनाक बात नहीं हो सकती।

### 500 साल की जेल होगी

राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा ने एसआईआर में फर्जीवाड़ा करने का आरोप लगाते हुए भाजपा पर निशाना साधा। रामकेश मीणा ने कहा कि एसआईआर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फर्जीवाड़ा किया है। एक-एक कार्यकर्ता ने फर्जी हस्ताक्षर करके 500-500 फॉर्म जमा करवा दिए हैं। जिसने भी फर्जी हस्ताक्षर किए हैं, उसमें एक फॉर्म पर एक साल की सजा है। आप लोगों को 500 साल की जेल होगी। 500 साल तक जेल में रहना चाहते हो क्या। इसकी जांच होगी और हम जांच करवाएंगे।

### मस्जिदों के लाउडस्पीकर बच्चों की पढ़ाई में डाल रहे खलल

इससे पहले शून्यकाल के दौरान भाजपा के बालमुंकुदाचार्य ने जयपुर शहर में मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों की तेज आवाज को कम करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकरों की तेज आवाज से बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है। सुबह 4 बजे से ही तेज आवाज शुरू हो जाती है। बुजुर्ग और बीमार ध्वनि प्रदूषण से परेशान होते हैं। लोगों की नींद खराब होती है। जो उनके अधिकारों का हनन है।

### कांग्रेस विधायक के आरोपों पर हंगामा

विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा के आरोपों पर हंगामा हो गया। गणेश घोघरा ने जनजाति विकास मंत्री पर कमीशनखोरी के आरोप लगाए। इस पर मंत्रियों ने कड़ी आपत्ति की और बिना सबूत आरोपों को सदन की कार्यवाही से निकलने की मांग की। इसके बाद सभापति ने आरोपों को कार्यवाही से हटाने का आश्वासन दिया। जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि एक पैसे का आरोप साबित कर दे तो राजनीति छोड़ दूंगा। गणेश गोघरा ने कहा सरकार झूठे दावे कर रही है। पेंशन नहीं मिल रही। पीएम आवास देने के दावे कर रहे हैं, लेकिन पीएम आवास की किश्त समय पर नहीं मिल रही है। लोगों के मकान अधूरे पड़े हैं। साल भर से पैसा नहीं मिल रहा । मेट और कारीगर का भुगतान नहीं हुआ है। डबल इंजन की सरकार कच्चे काम भी नहीं निकल रही है। घोघरा ने कहा कि मां बाड़ी केंद्र शुरू करने के लिए मंत्री के पास कितना कमीशन आया? मैं जनजाति मंत्री से पूछना चाहता हूं, आपके पास कितना कमीशन आया? यह जनजाति का पैसा है, लेकिन समन्वयक गैर जनजाति के लोग लगाए, कौन से कानून के अंतर्गत लगाए?



### मंत्री बोले- कांग्रेस राज में नंगा नाच हो रहा था

प्रश्नकाल में हुक्का बार से जुड़े सवाल को लेकर जमकर नोकझोंक हुई। उपनेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा के पूरक सवाल के जवाब में गृह राज्य मंत्री ने कांग्रेस और बीजेपी राज में हुई कार्रवाई की तुलना की तो कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति की। इससे नोकझोंक होने लगी। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा- कांग्रेस राज में 55 हजार जगहों पर हुक्का बार चल रहे थे। कांग्रेस राज में आप लोग नंगा नाच कर रहे थे। जयपुर में आबादी इलाके में लेपर्ड के मूवमेंट का मामला विधानसभा में उठा। बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ के सवाल पर वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने कहा- आबादी इलाकों में लेपर्ड सहित वन्यजीवों के मूवमेंट पर नजर रखने के लिए एक हेल्पलाइन बनेगी।

## 1 किलो चांदी का भाव 4 लाख पहुंचा

### राजस्थान में सोना एक दिन में 15 हजार 500 बढ़ा

**जयपुर।** दुनियाभर के वैश्विक बाजारों में जारी अस्थिरता का सीधा असर अब कीमती धातुओं पर साफ नजर आने लगा है। सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के बीच भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों ने अब तक के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। राजस्थान में गुरुवार को सोने-चांदी के भाव में ऐतिहासिक तेजी दर्ज की गई है। एक ही दिन में स्टैंडर्ड सोने के भाव में 15 हजार 500 रुपए की जोरदार उछाल देखने को मिली, जिसके बाद 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1 लाख 84 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई स्तर पर पहुंच गई है। वहीं चांदी की कीमतों में भी जबरदस्त तेजी दर्ज की गई। एक दिन में 27 हजार रुपए की छलांग के बाद 1 किलो चांदी का भाव 4 लाख रुपए तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है।

## मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में फ्लॉप

### लंदन प्रीमियर का सिर्फ 1 टिकट बिका; इसमें ट्रम्प के दोबारा जीतने के बाद की कहानी

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पत्नी मेलानिया पर बनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म ब्रिटेन में फ्लॉप हो गई है। देश के सबसे बड़े सिनेमा संचालकों में से एक व्यू सिनेमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम रिचर्ड्स ने बताया कि फिल्म 'मेलानिया' को लेकर दर्शकों में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है।

टिम के मुताबिक, लंदन के इस्लिंगटन इलाके में स्थित एक प्रमुख सिनेमाघर में शुक्रवार को दोपहर 3:10 बजे होने वाले पहले शो के लिए सिर्फ एक टिकट बिका। वहीं शाम 6 बजे के शो के लिए भी महज दो टिकट बुक हुए।



# विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी हुई

## तीनों सेनाओं और सीएपीएफ के बैंड ने धुनें पेश कीं

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विजय चौक पर गुरुवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चले कार्यक्रमों का समापन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सेरेमनी में मौजूद रहीं।

समारोह की शुरुआत में सेना ने राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया। इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन कदम-कदम बढ़ाए जा बजाकर की। तीनों सेनाओं के साथ सीएपीएफ के बैंड ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के सामने भारतीय धुनें बजाईं। वायुसेना के बैंड ने पिछले साल रिटायर किए गए फाइटर जेट एमआईजी-21 की आकृति बनाई। वहीं नौसेना बैंड ने वंदे मातरम् की 150वीं सालगिरह के मौके पर 3 आकृतियां बनाईं। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम नागरिक मौजूद रहे। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है।

# गणतंत्र दिवस परेड- नेवी मार्चिंग दल तीनों सेनाओं में बेस्ट

## राज्यों में महाराष्ट्र और मंत्रालयों में मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर की झांकी सर्वश्रेष्ठ

बढ़ता राजस्थान


**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड 2026 के विजेताओं के नाम को बुधवार को एलान किया गया। इसमें इंडियन नेवी के मार्चिंग दस्ते को तीनों सेनाओं बेस्ट माना गया। वहीं राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में महाराष्ट्र ने बेस्ट झांकी की लिस्ट में टॉप किया। इसमें गणेश उत्सव को आत्मनिर्भरता के प्रतीक के रूप में दर्शाया गया था। पारंपरिक पोशाक पहनी महिलाओं ने झांकी के दोनों ओर लोक नृत्य किया। वहीं, संस्कृति मंत्रालय की वंदे मातरम की 150 साल की विरासत का जश्न मनाने वाली झांकी मंत्रालयों और विभागों की श्रेणी में विजेता रही। अधिकारियों ने बताया कि 30 जनवरी को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राष्ट्रीय रंगशाला कैंप में किया जाएगा।



**नेवी के मार्चिंग दल में 144 सैनिक शामिल थे**-नेवी के अधिकारियों ने बताया कि नेवी के मार्चिंग दल में 144 युवा कर्मी ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर कंधे से कंधा मिलाकर मार्च कर रहे थे। उन्होंने बताया कि नौसेना के मार्चिंग दल ने तीनों सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल का शीर्ष पुरस्कार जीता। वहीं, दिल्ली पुलिस के दल को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और अन्य सहायक बलों में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल घोषित किया गया।

# मौसम : राजस्थान में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

## कोहरे ने बढ़ाई परेशानी, शीतलहर के कारण गिरा पारा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि के बाद बदले मौसम से सर्दी फिर से तेज हो गई है। शीतलहर के कारण सीकर,अलवार सहित कई जिलों के दिन-रात के तापमान में 5 डिग्री तक गिरावट हुई है। वहीं, 31 जनवरी से मौसम फिर बदलेगा। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बुधवार को राज्य में कोहरा, धुंध रही और सर्द हवां से तापमान में गिरावट हुई। इससे सुबह-शाम के साथ दिन में भी सर्दी तेज रही। सबसे ज्यादा ठंडा एरिया बुधवार को पाली रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

**कई जिलों में छाया कोहरा**-राज्य में पिछले 24 घंटे में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर के एरिया में कोहरे का असर देखा गया। इन जिलों के अलावा बीकानेर, जैसलमेर, फलोदी, जोधपुर, नागौर बेल्ट में भी हल्का कोहरा और धुंध रही। इस कारण बुधवार को अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।

**31 जनवरी को फिर से शुरू होगा बारिश का दौर**-मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- 31 जनवरी से एक वेस्टर्न डिर्स्टबेंस एक्टिव होगा, जिसके कारण जयपुर, बीकानेर, भरतपुर संभाग के एरिया के बादल छाएंगे। कहीं-कहीं हल्की बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। इस सिस्टम का असर 1 फरवरी को भी पूर्वी राजस्थान के भरतपुर संभाग के एरिया में रह सकता है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण

किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com



# हिमाचल में बर्फ देखने उमड़े टूरिस्ट

## पर्यटन स्थलों पर मस्ती, सड़कों पर ट्रैफिक जाम, शिमला में रोजाना 15 हजार व्हीकल पहुंच रहे

बढ़ता राजस्थान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में बर्फ के फोटो-वीडियो वायरल होते ही देशभर से पर्यटकों का पहाड़ों पर जमावड़ा उमड़ने लगा हैं। शिमला और मनाली पर्यटकों से पूरी तरह पैक है। बर्फबारी थमने के बाद जैसे-जैसे सड़कें बहाल हो रही है, पर्यटक अब शिमला के नालदेहरा, कुफरी, महासू पीक, मनाली के सोलंगनाला और चंबा के डलहौजी तक पहुंचना लगे हैं। इन जगह पर टूरिस्ट बर्फ में खेलने, डांस, स्नोमैन बनाने, हॉर्स व यॉक राइडिंग, स्केटिंग, स्नो स्कूटर, पैराग्लाइडिंग और रील्स रिकॉर्ड कर अपनी यात्रा को यादगार बना रहे हैं। दिनभर टूरिस्ट बर्फ में मस्ती कर रहे हैं। इस बीकेंड तक सड़क बहाली के बाद नारकंडा और अटल टनल तक टूरिस्ट पहुंच सकेंगे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।